**रोहतक**
मंगलवार, 18 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 46
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 32.2
न्यून. 17.2


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,169.95 | 341.04 ▲ |
| निफ्टी | 22,508.75 | 111.55 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 90,750 /- | 1300/- ▲ |
| चांदी | 1,02,500/- | 1300/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 86.81 | 24 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 71.23/ बैरल | 0.92% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*





**SHOWROOMS: HARYANA:** RENAULT **ROHTAK CITY** Ph: 9311700651. RENAULT **AMBALA** Ph: 8448890326. RENAULT **BHIWANI** Ph: 8588874682. RENAULT **FARIDABAD** Ph: 8860681876. RENAULT **HISAR** Ph: 7428190240. RENAULT **JHAJJAR** Ph: 8130501404. RENAULT **JIND** Ph: 9582547926. RENAULT **KAITHAL** Ph: 9582331769. RENAULT **KARNAL** Ph: 7428190245. RENAULT **KURUKSHETRA** Ph: 8588875152. RENAULT **PANIPAT** Ph: 8588891170. RENAULT **SONIPAT** Ph: 9289631444. RENAULT **REWARI** Ph: 9643335838. RENAULT **SIRSA** Ph: 9643357807.

## जनवरी में थोक महंगाई 2.31 प्रतिशत पर थी

# सब्जी, तेल व तेय पदार्थ महंगे होने से थोक महंगाई बढ़कर 2.38 प्रतिशत पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस साल फरवरी में थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर 2.38 प्रतिशत हो गई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। जनवरी में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 2.31 प्रतिशत के स्तर पर थी।

लगातार तीन माह की गिरावट के बाद डब्ल्यूपीआई में मामूली वृद्धि देखी गई। सब्जी, तेल और पेय जैसे विनिर्मित खाद्य पदार्थ महंगे होने के कारण फरवरी, 2025 में महंगाई बढ़ी। एक साल पहले फरवरी, 2024 में थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति 0.2 प्रतिशत थी।

### कपड़ा आदि के मूल्यों में भी बढ़ोतरी

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा कि फरवरी, 2025 में मुद्रास्फीति की दर में हुई वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, खाद्य वस्तुओं, अन्य विनिर्मित वस्तुओं, गैर-खाद्य वस्तुओं और कपड़ा आदि के मूल्यों में वृद्धि के कारण है। कुल मिलाकर विनिर्मित उत्पाद सूचकांक फरवरी में 0.42 प्रतिशत बढ़ा।

### खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट आने की संभावना

इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि आने वाले वक्त में अच्छी फसल और ऊंचे आधार प्रभाव से डब्ल्यूपीआई-खाद्य मुद्रास्फीति में और गिरावट आने की उम्मीद है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि सामान्य से अधिक तापमान खाद्य मुद्रास्फीति के लिए जोखिम पैदा करता है। उन्होंने कहा कि इक्रा को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति औसतन 2.5-3 प्रतिशत रहेगी।

- लगातार तीन माह की गिरावट के बाद डब्ल्यूपीआई में वृद्धि
- फरवरी में महंगाई खाद्य वस्तुएं महंगी होने से बढ़ी
- पेय पदार्थों की महंगाई मामूली रूप से 1.66 फीसदी बढ़ी



### वनस्पति तेल में 33.59 प्रतिशत की वृद्धि

विनिर्मित खाद्य उत्पादों की मुद्रास्फीति बढ़कर 11.06 प्रतिशत हो गई, वनस्पति तेल में 33.59 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पेय पदार्थों की मुद्रास्फीति महीने के दौरान मामूली रूप से बढ़कर 1.66 प्रतिशत हो गई। हालांकि, सब्जियों की कीमतों में नरमी आई और आलू की मुद्रास्फीति 74.28 प्रतिशत से घटकर 27.54 प्रतिशत पर आ गई।

### होलसेल प्राइस इंडेक्स का आम आदमी पर असर

थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर उत्पादक क्षेत्र पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं।

### डब्ल्यूपीआई में ज्यादा भार मेटल व केमिकल का होता है

जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। डब्ल्यूपीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

दूध की कीमतों में वृद्धि पिछले महीने के 5.40 प्रतिशत से घटकर 1.58 प्रतिशत पर आ गई। फलों और प्याज की कीमतें क्रमशः 20 प्रतिशत और 48.05 प्रतिशत बढ़ीं। ईंधन और बिजली श्रेणी में फरवरी में 0.71 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। जबकि पिछले महीने इसमें 2.78 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

## स्विगी इंस्टामार्ट ने देश के 100 शहरों में किया विस्तार

नई दिल्ली। त्वरित वाणिज्य (क्विक कॉमर्स) मंच स्विगी इंस्टामार्ट ने सोमवार को कहा कि उसने 10 मिनट में आपूर्ति की बढ़ती मांग को देखते हुए अपना विस्तार कर देशभर के 100 शहरों, खासकर दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में किया है। स्विगी इंस्टामार्ट ने बयान में कहा कि इसके साथ, लाखों नए ग्राहकों के पास अब 30,000 से अधिक उत्पादों तक पहुंच है, जिसमें किराना का सामान और दैनिक आवश्यक वस्तुओं से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्टफोन, फैशन, मेकअप, खिलौने और बहुत कुछ शामिल हैं, जिनकी आपूर्ति 10 मिनट में की जाती है। कंपनी ने कहा कि पिछले महीने, स्विगी इंस्टामार्ट ने रायपुर, सिलीगुड़ी, जोधपुर और तंजावुर जैसे शहरों में अपनी सेवा शुरू की। स्विगी इंस्टामार्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमितेश झा ने कहा, हमने देखा है कि सुविधा-आधारित खुदरा व्यापार के लिए महत्वपूर्ण आकर्षण भारतीय महानगरों से बाहर भी है।

## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 13 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 13.13 प्रतिशत बढ़कर 21.26 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इसमें अग्रिम कर संग्रह में वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। सरकार ने अग्रिम कर की चार किस्तों से 14.62 प्रतिशत वृद्धि के साथ 10.44 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 9.11 लाख करोड़ रुपये था।

**बोली सूचना**

राजकीय कन्या उच्च विद्यालय खाण्डा खेड़ी में (Hansi-II) के चार कमरे व बरामदों को सरकार द्वारा Letter No. G-2/2024/1546-47 on dated 21.02.2025 के द्वारा कंडम घोषित कर दिया गया है। इनकी बोली (Auction) की तिथि 27.03.2025 (वीरवार) सुबह 10 बजे विद्यालय प्रांगण में निर्धारित की गई है। बोलीदाता से पचास हजार धरोहर राशि नकद या डीडी मु.अ.रा.क.उ.वि. खाण्डा खेड़ी में मौके पर जमा करवाई जाएगी तथा बाकी शर्तें मौके पर बता दी जाएगी।

Sd/- Headmaster, Govt. Girls High School, Khanda Kheri-01492 (Hr.)

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रोहतक आगार के अधीन बस स्टैण्ड महम की पुरानी कंडम ईमारत / भवन को ध्वस्त करने उपरान्त पुराने सामान को बेचने के लिए आम सार्वजनिक निलामी दिनांक 27.03.2025 को सुबह 10:00 बजे होनी निश्चित हुई है। बस स्टैण्ड महम की कंडम ईमारत की सार्वजनिक निलामी बस स्टैण्ड रोहतक पर होगी।

पीआरडीएच-1119/11/594/2025/32931/88/6 दि. 17.03.25

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF SH. VIKRANT
Additional Civil Judge (Senior Division), Kharkhoda
JEET SINGH etc.
Vs.
NIRMALA etc.
CNR No. HRSOC0-000547-2017
Next Date : 04.04.2025
APPLICATION FOR SETTING ASIDE EX PARTE
PUBLICATION ISSUED TO :-
PLAINTIFF NO.1-JEET SINGH SON OF JAGE RAM, 5-SATBIR SON OF RAI SINGH, 6-PREM SINGH SON OF RAI SINGH, 7-DALBIR SINGH SON OF RAI SINGH, 8 HARBIR SINGH SON OF RAI SINGH, 9 SATISH SON OF PARKASH SON OF DEBI SINGH ALL RESIDENT OF VILLAGE SOHATI TEHSIL KHAKRHODA. DEFENDANT NO.1-NIRMALA D/O KARAN SINGH SON OF CHHOTI RO VILLAGE ROHADH, TEHSIL BAHADURGARH DISTT. JHAJJAR 2-SHAKUNTALA D/O KARAN SINGH SON OF CHHOTI R/O VILLAGE ROHADH, TEHSIL BAHADURGARH DISTT. JHAJJAR 3-SURESH SON OF KRAN SINGH 4-CHANDBIR SON OF KRAN SINGH SON OF CHHOTI BOTH R/O VILLAGE ROHADH, TEHSIL BAHADURGARH DISTT. JHAJJAR, 5-SUBHASH SON OF DEEP CHAND SON OF GUMANI RAM R/O VILL KUMASPUR SONEPAT, 7-PARTAP SINGH SON OF MAIDHAN HUSBAND OF KHAZANI D/O RAM CHAND R/O VILLAGE SOLDHA DISTT. JHAJJAR
In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 04.04.2025 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Vikrant
Additional Civil Judge
(Senior Division), Kharkhoda
Dated, this day of 10.03.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ms. Sonia Sheokand
City Civil Court, BAHADURGARH
Chameli
Vs.
GENERAL PUBLIC
CNR No. HRJRA0-000251-2019
Next Date:- 09-07-2025
PUBLICATION ISSUED TO:
GENERAL PUBLIC
:-GENERAL PUBLIC
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 09-07-2025 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/-
City Civil Court
BAHADURGARH
Dated, this day of 17-03-2025

**विषय :- Block Resource Person (B.R.P.) की नियुक्ति बारे विज्ञापन बारे।**

**कार्यालय खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, खण्ड इसराना।**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड बापौली हेतु मनरेगा ( सोशल ऑडिट कैलेन्डर अनुसार) करवाने हेतू **Block Resource Person** की नियुक्ति प्रति कार्य दिवस राशि 750/- रूपये के मानदेय के आधार पर की जानी है। प्रति वर्ष कार्य दिवस की संख्या का निर्धारण जारी (सोशल ऑडिट कैलेन्डर अनुसार ) होगा । अभ्यार्थी स्नातक हो, कंप्यूटर MIS का ज्ञान सहित Android Mobile प्रयोग में सक्षम हो । पहले कार्यरत VRP सोशल ऑडिट को वरीयता दी जायगी । विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप व शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट्ट से प्राप्त की जा सकती है । इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मनरेगा शाखा) में समस्त जरुरी दस्तावेज्ञ की सत्यापित प्रति सहित दिनांक - 19/03/25 से 21/03/25 तक सायं 3:00 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करे।

पद हेतू साक्षात्कार 25/03/25 को कार्यालय उपमण्डल अधिकारी (ना०) इसराना में 10:00 AM बजे से होगा।

हस्ता/-
खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी,
खण्ड इसराना।

पीआरडीएच-1028/11/100/2025/32917/88/6 दि. 17.03.25

कोल्टे-पाटिल रियल्टी में हिस्सेदारी के लिए ब्लैकस्टोन की पेशकश

नई दिल्ली। वैश्विक निवेश फर्म ब्लैकस्टोन पुणे स्थित रियल्टी कंपनी कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स लिमिटेड में सार्वजनिक शेयरधारकों से 758.56 करोड़ रुपये में 26 प्रतिशत तक हिस्सेदारी जुटाने के लिए खुली पेशकश लेकर आई है।

## आईपीएल से पहले जियो की जियोहॉटस्टार सेवा मुफ्त

एजेंसी : नई दिल्ली

- नए ग्राहकों को 90 दिन के लिए मिलेगी मुफ्त सेवा
- सेवा का लाभ उठाने 299 रुपए से अधिक का रिचार्ज कराना होगा

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शुरू होने के साथ ही, दूरसंचार कंपनी जियो ने जियो के ऐसे मौजूदा और नए ग्राहकों को 90 दिन के लिए मुफ्त जियोहॉटस्टार सेवा की घोषणा की है, जो 299 रुपये या उससे अधिक का प्लान चुनते हैं या रिचार्ज करते हैं। अभी से 31 मार्च, 2025 के बीच 299 रुपये (1.5 जीबी/दिन या अधिक) या उससे अधिक प्लान के साथ रिचार्ज करने वाले मौजूदा जियो सिम उपयोगकर्ता इस पेशकश का लाभ उठा पाएंगे। इनके अलावा, वे लोग भी इस पेशकश का लाभ उठा पाएंगे, जो इस अवधि के दौरान 299 रुपये (1.5जीबी/दिन या अधिक) या उससे अधिक प्लान के साथ नया जियो सिम लेते हैं।

**चिकित्सा**

बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं
दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।
हमराज़ क्लीनिक
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## वैश्विक मजबूती से सोना 90,750 रुपए के नए शिखर पर

एजेंसी : नई दिल्ली

अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितता, व्यापार तनाव और फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति में ढील की बढ़ती उम्मीदों के बीच वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के चलते सोमवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में उछाल दर्ज हुआ। सोने की कीमत 1,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के उछाल के साथ नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना लगातार चौथे दिन मजबूत हुआ। आज इसकी कीमत 1,300 रुपये के उछाल के साथ 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गई। जनवरी से अब तक 14.31 फीसदी का उछाल इस साल अब तक, सोने की कीमतें एक जनवरी को 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम से 11,360 रुपये या 14.31 प्रतिशत बढ़कर 90,750 रुपये हो गई है। शुक्रवार को होली के अवसर पर सराफा बाजार बंद थे।

### कॉमेक्स में सोना वायदा में तेजी

कॉमेक्स सोना वायदा 3,007 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। शुक्रवार को इसने 3,017.10 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्चस्तर को छुआ था। मेहता ने कहा, ''मुद्रास्फीति घटने के कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में और कटौती की उम्मीद बढ़ने के कारण सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब बनी हुई हैं। राजनीतिक जोखिम बढ़े : मेहता ने कहा कि भू-राजनीतिक जोखिमों ने सराफा की कीमतों को मजबूत किया है, क्योंकि अमेरिका ने पुष्टि की है ।

**हरियाणा राज्य परिवहन, सोनीपत।**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन, सोनीपत बस स्टैण्ड व इसके अधीन गोहाना एवं खरखौदा बस स्टैण्डों पर स्थित दुकानों/बुथों को दिनांक दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2028 तक के लिए दिनांक 20.03.2025 को प्रातः 12:00 बजे बस स्टैण्ड सोनीपत पर निलामी होगी। दुकानों व बुथों की निलामी का आवेदन फार्म कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्रास कर सकते हैं।
नोट :- दुकानों / बुथों की निलामी मुख्यालय द्वारा जारी की गई वर्ष 2025-28 की पॉलिसी के अनुसार ही की जाएगी।

महाप्रबंधक, हरियाणा राज्य परिवहन, सोनीपत।

**कार्यालय : खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, समालखा।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चुलकाना का प्रस्ताव नं० 01 दिनांक 07.06.2024 इस कार्यालय में प्राप्त हुआ था जिसमें विवरण किया गया है कि श्री सोनू पुत्र जय कुवार जाति वाल्मिकी की मृत्यु दिनांक 06.04.2023 को गई थी, जिस कारण ग्राम पंचायत में सफाईकर्मी का पद खाली है। जिस बारे आवेदनकर्ता ग्राम पंचायत में सफाईकर्मी के पद को भरने के लिए दिनांक 19/03/2025 से 28/03/2025 तक आवेदन खण्ड कार्यालय में सायं 3 बजे तक जमा करवा सकते हैं।

हस्ता/-खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी,
पीआरडीएच-1028/11/98/2025/32880/88/6 दि. 17.03.25 समालखा।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन ओल्ड बावल में चारदिवारी का निर्माण। | 11.03.2025 25.03.2025 | 1.22 करोड़ | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32904/I/88/6 दि. 17.03.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड जिला कार्यालय फतेहाबाद | फूड ग्रेन्स की लोडिंग / अनलोडिंग और हैंडलिंग। | 17.03.2025 25.03.2025 | 19.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in/ http://hafed.gov.in/ | 1667297254 dmhfdftd@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32908/I/88/6 दि. 17.03.25

**हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | E-TENDER ENQUIRY NO. 33/CWR/2024-25/ 2025_HBC_426380_1 DATED 28.01.2025 | शुद्धिपत्र सं. 02, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 20.03.2025 (13.00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32906/I/88/6 दि. 17.03.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु एग्रोमॉल रोहतक में समेकित वार्षिक रखरखाव और एलीवेटर्स और एस्कैलेटर्स प्रणाली का प्रचालन + 2 कार्य। | 13.03.2025 24.03.2025 | 46.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32897/I/88/6 दि. 17.03.25

**लाला लाजपतराय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार**

(2010 के हरियाणा अधिनियम सं. 7 द्वारा स्थापित)

**पशु नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लाला लाजपतराय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के पशुधन फार्म में देसी व संकर नस्ल की गायों, बछियों व सांडों की नीलामी दिनांक 21.03.2025 को प्रातः 10.00 बजे की जाएगी। सभी इच्छुक व्यक्ति समय पर पहुंचकर नीलामी में भाग ले सकते हैं।
सर्व साधारण को यह भी सूचित किया जाता है कि जो व्यक्ति बोली पर पशु खरीदने का इच्छुक होगा उसे सिक्योरिटी राशि के साथ आधार कार्ड की फोटोकापी भी जमा करानी होगी जोकि अति आवश्यक है इसके बिना किसी भी व्यक्ति को बोली परिसर में प्रवेश की अनुमति प्रदान नही की जायेगी। नीलामी स्थल पर मास्क और सामाजिक दूरी का उपयोग अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.luvas.edu.in पर उपलब्ध है या निम्न पते पर सम्पर्क करें :-

डॉ. गुलशन नारंग
विभागाध्यक्ष,
पशु अनुवांशिकी एवं प्रजनन विभाग
दूरभाषः 01662-256119

पीआरडीएच-1305/11/94/2025/32892/C/88/6 दि. 17.03.25

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रुझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## घरेलू शेयर बाजार की गिरावट थमी, सेंसेक्स 341 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

वैश्विक बाजारों में तेजी और बैंकिंग शेयरों में लिवाली से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार पांच दिन की गिरावट से उबरने में सफल रहे। सेंसेक्स में 341 अंक और निफ्टी में करीब 112 अंक की तेजी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 341.04 अंक चढ़कर 74,169.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 547.44 अंक उछलकर 74,376.35 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 111.55 अंक बढ़कर 22,508.75 अंक पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह तगड़ी बिकवाली का सामना करने वाले इंडसइंड बैंक का शेयर भारतीय रिजर्व बैंक के आश्वासन के बाद 5.30 प्रतिशत तक उछलने के बाद 0.72 प्रतिशत की बढ़त पर बंद हुआ। शनिवार को रिजर्व बैंक ने ग्राहकों को आश्वस्त किया था कि निजी क्षेत्र के इस बैंक के पास पर्याप्त पूंजी उपलब्ध है।

## शब्द पहेली - 5808

**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 5807 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ब | ल | शा | ली | | रु | ख | सा | र | |
| अ | न | | ली | | प | त | न | | जा | न |
| न | | ज | मा | दा | र | | न | म | | फा |
| म | ग | रु | र | | | आ | | द | र | स |
| ना | | र | | अ | ज | ग | र | | वा | त |
| | मि | त | वा | | ही | | स | प | ना | |
| म | ल | | दा | वा | न | ल | | य | | फि |
| त | न | य | | ल | | | ह | ज | र | त |
| ल | | म | त | | का | र्या | ल | य | | र |
| बी | ज | | म | का | न | | च | | सा | त |
| | य | ल | गा | र | | ब | ल | शा | ली | |






# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

*कोई नया कर नहीं, मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए प्राधिकरण बनाने का किया ऐलान*



**सीएम सैनी ने बतौर वित्त मंत्री अपना पहला बजट पेश किया। लाडो लक्ष्मी योजना के लिए 5,000 व स्टार्टअप के लिए 2,000 करोड़ के फंड का प्रस्ताव, मिशन हरियाणा के तहत 50 लाख नई नौकरियां देंगे, शहर में मल्टीलेवल पार्किंग बनेगी, पिछली बार से 13.70% अधिक राशि का बजट**

# वाह! लाड़लियों के खाते में खटाखट आएंगे ₹2100

▶▶ हरियाणा को सक्षम बनाने के लिए 'भविष्य विभाग' का ऐलान

▶▶ एआई मिशन के लिए पंचकूला व गुरुग्राम में बनाए जाएंगे केंद्र

## प्रदेश के सुनहरे भविष्य का बजट

### खिलाड़ियों, महिलाओं व युवाओं की बल्ले-बल्ले

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

सीएम नायब सिंह सैनी ने सोमवार को बतौर वित्तमंत्री पहली बार राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2.05 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह हरियाणा के इतिहास में अब तक का सबसे ज्यादा बजट है। सीएम ने 80 पेज का बजट भाषण पढ़ा, जिसमें 161 पॉइंट्स थे। बजट भाषण 2 घंटे 57 मिनट तक चला। सैनी ने कहा कि हरियाणा को 'भविष्य के लिए सक्षम' बनाने के लिए 'भविष्य विभाग' नाम से एक नया विभाग बनाया जाएगा। बजट में 2025-26 के लिए 2,05,017.29 करोड़ के परिव्यय का अनुमान जताया गया है। यह राशि 2024-25 के संशोधित अनुमानों से 13.70 प्रतिशत अधिक है। सैनी ने कहा कि पिछले 10 सालों में हरियाणा सरकार ने ई-शासन पर बहुत जोर दिया है और उनकी सरकार ने चुनाव घोषणा पत्र के 217 वादों में 19 को पूरा किया है। 'इस दिशा में मेरा प्रस्ताव हरियाणा एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) मिशन स्थापित करने का है, जिसमें विश्व बैंक ने 474 करोड़ रुपये की सहायता देने का भरोसा दिया है।' एआई मिशन के तहत गुरुग्राम और पंचकूला में केंद्र स्थापित किए जाएंगे। स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार 2,000 करोड़ रुपये का 'फंड ऑफ फंड्स' बनाने के लिए निजी निवेशकों को प्रोत्साहित करेगी। सैनी ने लोगों को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से बचाने के लिए जागरूकता और नशा मुक्ति कार्यक्रम प्राधिकरण की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने प्राधिकरण के लिए 10 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं। इसके अलावा 2025-26 में 'लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत महिलाओं को 2,100 रुपये मासिक सहायता के लिए 5,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे जल्द लाड़लियों के खाते में 2100 रुपये खटाखट आएंगे। मुख्यमंत्री ने पलवल में बागवानी अनुसंधान केंद्र तथा गुरुग्राम में फूल मंडी स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा। सैनी ने कहा कि उन्हें राज्य के बजट के संबंध में विभिन्न वर्गों से लगभग 11,000 सुझाव मिले थे।



### मैथिलीशरण की पंक्तियों से शुरूआत

भाषण के शुरुआत में उन्होंने मैथिलीशरण गुप्त की कविता ''हम क्या थे, क्या हो गए और क्या होंगे अभी, आओ विचारो मिलकर ये समस्याएं सभी।'

### रविदास जी के दोहे से समापन

बजट के अंत में उन्होंने गुरु रविदास जी के शब्दों 'ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न। छोट-बड़ो सभ सम बसै, रैदास रहे प्रसन्न' को प्रेरणा बताया।

## खेती ↑ 1,00,000 तक का ब्याजमुक्त कर्ज



- ▶▶ डेयरी फार्मिंग, बागवानी, पशुपालन व मत्स्य पालन में लगी महिला किसानों को एक लाख रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण दिए जाने की भी घोषणा की।
- ▶▶ 'मेरा पानी मेरी विरासत योजना' के तहत धान की खेती छोड़ने वाले किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी राशि 7,000 से बढ़ाकर 8,000 रुपये प्रति एकड़ की।
- ▶▶ मुख्यमंत्री ने धान की सीधी बुवाई के लिए सब्सिडी राशि 4,000 रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 4,500 रुपये प्रति एकड़ की।
- ▶▶ धान की पराली का प्रबंधन करने वाले किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी 1,000 रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 1,200 रुपये की जाएगी।
- ▶▶ नकली बीजों और कीटनाशकों से किसानों को बचाने के लिए एक विधेयक लाया जाएगा। अंबाला, यमुनानगर और हिसार में लीची, स्ट्रॉबेरी और खजूर के लिए तीन नए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित होंगे।
- ▶▶ गन्ने की कटाई के लिए हार्वेस्टर पर सब्सिडी दी जाएगी। सभी जिलों में बागवानी मिशन लागू होगा। 400 बागवानी कलस्टर स्थापित होंगे। देशी गाय खरीदने पर 30 हजार अनुदान मिलेगा।


### मिशन हरियाणा 2047



मिशन हरियाणा 2047 के तहत हरियाणा में 50 लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। इस मिशन के लिए सरकार 5 करोड़ का प्रस्ताव किया है।

### 10 किमी पर मॉडल संस्कृति स्कूल

हर 10 किलोमीटर पर एक नया मॉडल संस्कृति स्कूल खोला जाएगा। डबवाली, नारनौल, नांगल चौधरी, हिसार, सिवानी जैसे ब्लॉकों के बच्चों को बहुत लाभ होगा।



### हर जिले में गो अभ्यारण्य

गोसेवा आयोग के तहत 1,000 पशुओं वाली और 11,000 से अधिक पशुओं वाली गोशालाओं को 2 ई-रिक्शा दिए जाएंगे। गोशालाओं में 51 शेड बनाने के लिए 5 करोड़ दिए। हर जिलें में एक नया गो अभयारण्य बनाया जाएगा।



## 20 लाख तक कवरेज खिलाड़ी बीमा योजना

- ■ 'खिलाड़ी बीमा योजना' लागू की जाएगी। इसके तहत राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेताओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 20 लाख रुपये तक का चिकित्सा कवरेज मिलेगा।
- ■ राज्य के पांच विश्वविद्यालयों में नए खेल उत्कृष्टता केंद्र खोले जाएंगे। ओलंपिक 2036 में कम से कम 36 पदक लाने के उद्देश्य से 'मिशन ओलंपिक 2036 विजयी भव' योजना शुरू की जाएगी, जिसके लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जाएगा।
- ■ ओलंपिक मेडलिस्ट खिलाड़ियों को बिजनेस के लिए सरकार 10 लाख देगी। खिलाड़ियों की डाइट मनी 400 से बढ़ाकर 500 रुपये प्रति दिन करने और अखाड़ों को 20 से 50 लाख इनाम देने की घोषणा की है।
- ■ ओलंपिक मेडलिस्ट को एकेडमी खोलने के लिए 2% सब्सिडी के साथ 5 करोड़ तक का लोन भी मिलेगा।

### हिसार में एयर कार्गो गोदाम


- ■ रेवाड़ी के मनेठी गांव में मार्केट कमेटी द्वारा एक उपयॉर्ड बनाया जाएगा। हिसार एयरपोर्ट में एयर कार्गो के लिए गोदाम बनाया जाएगा।
- ■ यमुनानगर मेंआधुनिक तकनीक का 1 लाख टन की क्षमता का सायलो बनाया जाएगा।
- ■ दक्षिण हरियाणा में सहकारी क्षेत्र की सबसे बड़ी आधुनिक सरसों तेल मिल और कुरुक्षेत्र में सूरजमुखी के तेल की मिल की स्थापना पीपीपी मोड के तहत होगी।
- ■ मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना के तहत 70 करोड़ आवंटित। हर ब्लॉक में दूध संग्रह केंद्र व प्रत्येक जिले में एक शीतलन केंद्र विकसित किया जाएगा।

### 350 वीटा बूथ खोले जाएंगे

- ■ हरित स्टोर नामक योजना के तहत अतिरिक्त 750 हरित स्टोर खोलेंगे। हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ के तहत 350 नए वीटा बूथ खोले जाएंगे।
- ■ हिसार में अमरूद के लिए मॉडर्न प्रसंस्करण व पैकेजिंग प्लांट बनेगा।
- ■ सिरसा में किन्नू उत्पादकों के लिए एग्रोइन्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन व हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ संयुक्त रूप से जूस प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित होगा।
- ■ पिछले वर्ग के उद्यमियों के लिए अतिरिक्त 25 लाख का ऋण हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण वर्ग के माध्यम से दिया जाएगा। पर्यावरण बचाने के लिए वाहनों की स्क्रैप पॉलिसी बनेगी, इसके लिए ई-वेस्ट प्रबंधन की व्यवस्था करवाई जाएगी।

**बजट पर विशेष कवरेज**
पढ़ें पेज 2, 3 और 4

## शिक्षा ↑ छात्राओं को 1 लाख की छात्रवृत्ति देंगे



- ▶▶ हर जिले में राजकीय कॉलेज मॉडल संस्कृति कॉलेज के रूप में विकसित होगा।
- ▶▶ महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए 20 करोड़ का कोष बनाया जाएगा।
- ▶▶ कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना के तहत विज्ञान, इंजी. में स्नातक स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाली छात्राओं को 1 लाख वार्षिक दिए जाएंगे।
- ▶▶ तीन लाख से कम आय वाले परिवार की विवि में स्थित कॉलेजों में बीएससी कोर्सेस में पढ़ रही लड़कियों की ट्यूशन फीस माफ होगी।
- ▶▶ सभी विवि और कॉलेजों में उद्योग-अकादमिक भागीदारी अनिवार्य होगी। 10 प्रतिशत पाठ्यक्रमों को 'सीखते हुए कमाएं' मॉडल बनाएंगे। इसके तहत चयनित छात्र को 6,000 मासिक मिलेंगे। इसके लिए 36 करोड़ दिए।
- ▶▶ मुख्यमंत्री युवा कौशल सम्मान योजना के तहत स्नातक और स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के 2,000 छात्रों को 10,000 मासिक मानदेय इंटर्नशिप कराएंगे।
- ▶▶ सभी राजकीय शैक्षणिक संस्थानों के पुस्तकालयों, प्रयोगशालाओं और कार्यशालाओं को आमजन के लिए खोला जाएगा। करनाल के नीलोखेड़ी और सिरसा के पन्नीवाला मोटा में स्थित 2 इंजीनियरिंग संस्थानों को हरियाणा प्रौद्योगिकी संस्थान (एचआईटी) में अपग्रेड किया जाएगा।
- ▶▶ बहुतकनीकी संस्थान में पुरस्कार योजना शुरू होगी। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले संस्थान को 50 लाख, द्वितीय स्थान पर 25 लाख व तृतीय स्थान पाने वाले संस्थान को 10 लाख की धनराशि प्रदान की जाएगी।

## गांव ↑ हर गांव में बनेगी महिला चौपाल



- ▶▶ प्रत्येक गांव में महिला चौपाल बनाने के संकल्प की पूर्ति हेतू हमने प्रथम चरण में 754 गांव को चिह्नित किया है। सभी पंचायतों में वर्षों से अधूरे पड़े हुए लगभग 600 से अधिक भवनों को लगभग 64 करोड़ की राशि से पूर्ण करवाया जाएगा, ताकि उन्हें उचित प्रयोग में लाया जा सके। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के माध्यम से 100 वर्ग गज तक के प्लाट आवंटित किए जाएंगे। "महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना" के अंतर्गत विकसित की गई सभी कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाएं जैसे बिजली, सड़क, पेयजल उपलब्ध करवाई जाएगी।

## शहर ↑ शहरों में मल्टीलेवल पार्किंग बनेंगी



- ▶▶ रोहतक और गुरुग्राम में बनाई गई मल्टीलेवल पार्किंग की तर्ज पर राज्य के सभी प्रमुख शहरों में भी मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जाएगा।

### नगर पालिकाओं में खेल परिसर

- ▶▶ राज्य सरकार खेल अवसंरचना को बढ़ावा देने और युवाओं की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से सभी नगर पालिकाओं में एक खेल परिसर का निर्माण करेगी। इस पहल का उद्देश्य सामुदायिक खेल सुविधाओं को सशक्त बनाना और फिटनेस एवं उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

### 4 जिलों में सीईटीपी

पानीपत, फरीदाबाद, गुरुग्राम एवं यमुनानगर में कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) स्थापित होगा।

■

हिसार में 2988 एकड़ जमीन पर औद्योगिक इकाइयां लगेंगी। गुरुग्राम में हेलिपोर्ट बनेगा। यहां से सालासर, खाटूश्याम, पितांबरी माता व चंडीगढ़ के लिए हेलीकाप्टर सेवा उपलब्ध होगी।

### विकास प्राधिकरणों को मिलेंगे 3600 करोड़

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण तथा विभिन्न मैट्रो प्राधिकरणों को ईडीसी से 3000 करोड़ व आईडीसी से 600 करोड़, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण तथा गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, पंचकूला और हिसार के विकास प्राधिकरणों के विकास कार्य के लिए दिए जाएंगे।

### अवैध कॉलोनी रेगुलर करने की स्कीम बढ़ाई

वर्ष 2020 में लागू की गई 'समाधान से विकास' स्कीम में अब तक 343 कॉलोनाइजरों ने 3430 करोड़ को बकाया जात जमा करवाए हैं। इस स्कीम की अवधि 31 मार्च 2025 को समाप्त हो रही है। सरकार ने इसे 30 सितंबर 2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

### अति आधुनिक पार्क विकसित करेंगे

विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए अति-आधुनिक पार्क विकसित करेगी। इन पार्कों में व्हीलचेयर के अनुकूल बुनियादी ढांचा, इंटरेक्टिव सेंसरी जोन और समावेशी खेल क्षेत्र होंगे, ताकि सभी के लिए एक आनंददायक और सुलभ अनुभव सुनिश्चित किया जा सके।

### 1025 बसें खरीदी जाएंगी

सरकार 500 नॉन एसी, 150 एचवीएसी और 375 इलेक्ट्रिक बसें खरीदेगी। पीपीपी के तहत पिपली, करनाल, गुरुग्राम, बल्लभगढ़ और सोनीपत बस स्टैंड बनवाए जाएंगे। 71 करोड़ से ट्रांसपोर्ट भवन बनाया जाएगा। सभी दिव्यांगों को मुफ्त यात्रा मिलेगी। बसों को रेलवे जैसे जीपीएस से ट्रैक किया जा सकेगा। सरकार लंबे रूट पर भी ई-बसें चलाएगी।

## सैनिक ↑ सेना भर्ती की तैयारी के लिए संस्थान बनाए जाएंगे

- ▶▶ सेना एवं अर्ध सैनिक बलों के भूतपूर्व सैनिकों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से एचकेआरएन में उप पोर्टल का प्रावधान होगा।
- ▶▶ चरखी दादरी, हिसार व यमुनानगर में सेना भर्ती तैयारी के लिए सशस्त्र बल तैयारी संस्थान बनेंगे। इनमें प्रतिवर्ष 1000 छात्रों को प्रशिक्षण का लक्ष्य रखा।
- ▶▶ शहीद सैनिक व अर्ध सैनिक बलों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना शुरू होगी। छठी से 12वीं में पढ़ रहे बच्चों को प्रति वर्ष 60,000 डिप्लोमा, स्नातक स्तर में प्रति वर्ष 72,000 व स्नातकोत्तर में प्रति वर्ष 96,000 रुपये देंगे।
- ▶▶ सैनिक व अर्धसैनिकों के लिए समर्पित हेल्प लाइन वीर उड़ान योजना शुरू होगी। 2000 पूर्व सैनिकों को रोजगार दिलवाने जाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। सफल प्रशिक्षण कौशल प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर 50,000 रुपये एकमुश्त देंगे।
- ▶▶ रेवाड़ी में सैनिक संग्रहालय बनेगा। इसके लिए 135.41 करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया।



### सड़कें बनेंगी स्मार्ट मार्ग

- ▶▶ हर शहर में एक 4-5 किलोमीटर लंबी सड़क व हर जिले में एक 10-15 किलोमीटर लम्बी सड़क को स्मार्ट मार्ग बनाया जाएगा। हर शहर में एक पुराने बाज़ार का स्मार्ट बाज़ार के रूप में और हर गांव में एक गली का स्मार्ट गली के रूप में कार्यकलाप होगा।
- ▶▶ अगले वर्ष साढ़े 6 हजार किमी सड़कों की मरम्मत होगी। अंबाला रिंग रोड की तर्ज पर भिवानी और हिसार रिंग रोड, पिहोवा-कुरुक्षेत्र-यमुनानगर रोड का काम नेशनल हाईवे अथॉरिटी के जरिए होगा।
- ▶▶ कुरुक्षेत्र में एक विश्राम घर और लाडवा में कोर्ट परिसर बनेगा। मार्च 2027 तक लोक निर्माण विभाग की सभी साढ़े 3 हजार किमी सड़कें चौड़ी की जाएंगी।

### विधायकों को विकास के लिए 5 करोड़

अब हर विधायक अपने कार्यकाल के दौरान अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये खर्च कर सकेगा। यह राशि 3 किश्तों में दी जाएगी। इसके लिए हर विधायक को 5 करोड़ के विकास कार्यों की सूची अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर देनी होगी। पहली किश्त में 1.5 करोड़ की राशि तुरंत जारी की जाएगी। दूसरी किश्त 1.5 करोड़ की और अंतिम किश्त 2 करोड़ रुपये की होगी।

### नई खदानें शुरू होंगी

नए वित्तीय वर्ष में अंबाला व फरीदाबाद में नई खदानें शुरू होंगी। 8 जिलों में 42 खदानों में खनन का काम हो रहा है। इससे वर्ष 2024-25 में अब तक 670.23 करोड़ लाभ हुआ है।

### महिला एवं बाल विकास

- ■ महिला एवं बाल विकास के लिए 1372.10 करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया गया है।
- ■ 2 करोड़ की अतिरिक्त धनराशि खर्च करके 80000 कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करेंगे।
- ■ नूंह में किशोरी योजना के लिए 60 करोड़ की अति. धनराशि के साथ सभी 22 जिलों में योजना लागू होगी।
- ■ कामकाजी महिलाओं के लिए पंचकूला, पानीपत, सोनीपत, रेवाड़ी, फरीदाबाद, गुरुग्राम में छात्रावास।
- ■ सरकारी संस्थानों, पंचायतों, शहरी निकाय, शैक्षणिक संस्थानों व किसी भी सरकारी भवन में चल रही कैंटीनों के एक तिहाई टेंडर महिला स्वंय सहायता समूहों को अलॉट किए जाएंगे।
- ■ 2000 आंगनबाड़ी केंद्रों को 81.63 करोड़ की लगात से प्ले स्कूल में परिवर्तित किया जाएगा।
- ■ 2000 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में परिवर्तित किया जाएगा।

## बजट पर किसने क्या कहा



### वचन निभाया : बड़ौली

नायब सरकार ने शानदार बजट पेश कर अपना वचन निभाया है। ये बजट एक नए विजन के साथ प्रदेश को विकास पथ पर आगे ले जाएगा। यह बजट सभी वर्गों के उत्थान के साथ गरीबों, किसानों, महिलाओं, वंचितों और युवाओं के सुंदर भविष्य की रूपरेखा तय करेगा। हरियाणा का भविष्य सक्षम विभाग प्रदेश को नई देशा देगा। *- मोहन लाल बड़ौली, भाजपाध्यक्ष*

### आर्थिक मजबूती मिलेगी



नायब सरकार का बजट हरियाणा को आर्थिक रूप से मजबूती देने और जनता के सपनों को साकार करने वाला है। यह समावेशी बजट है। इसमें किसानों, महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों समेत सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की घोषणाएं एक सशक्त कदम साबित होगा। स्वास्थ्य शिक्षा के लिए भी बड़े ऐलान किए गए हैं। *- कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व वित्त मंत्री*


### बजट कोरी लफ्फाजी



भाजपा सरकार का बजट कोरी लफ्फाजी और आंकड़ों की कलाकारी है। इस बजट में कृषि, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा समेत तमाम जरूरी सेवाओं वाले विभागों में बजट की कटौती की गई है। नायब सरकार दो लाख नौकरियों, किसानों को एमएसपी और महंगाई पर नकेल कसने जैसे तमाम मुद्दों पर खामोश है। *- भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री*

## स्वास्थ्य ↑ 17 जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर बनेंगे

- ▶▶ 17 जिलों में वित्त वर्ष 2025-26 में ऐसे डे केयर सेंटर बनाए जाएंगे।
- ▶▶ पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय मेडिकल कॉलेज, भिवानी और महार्षि छायावान मेडिकल कॉलेज, कोरियावास में इसी सत्र से दाखिले।
- ▶▶ एमबीबीएस की सीटें बढ़ाकर 2485 की। पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विवि, कुटैल व इसमें नवनिर्मित 750 बिस्तर के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को भी शुरू कर दिया जाएगा।
- ▶▶ शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, नूंह में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा।
- ▶▶ कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी का आधुनिकीकरण होगा। इसके लिए 20 करोड़ दिए।
- ▶▶ गैर-ऐलोपैथिक चिकित्सा पद्धतियों के अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए कुरुक्षेत्र के फतुहपुर गांव में 100 एकड़ भूमि पर श्रीकृष्ण आयुष विवि के भवन का निर्माण होगा।
- ▶▶ पंचकूला, पानीपत, फरीदाबाद, सोनीपत, पलवल, सिरसा, कैथल, महेंद्रगढ़ के जिला अस्पतालों व मेडिकल कॉलेज नूंह में 9 अति आधुनिक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र बनेंगे।
- ▶▶ पलवल, रोहतक एवं चरखी दादरी जिला अस्पतालों व अल आफिया जिला अस्पताल मांडी खेड़ा (नूंह) को 100 से 200 बिस्तरी अस्पताल में अपग्रेड करने की स्वीकृति दे दी गई है।
- ▶▶ ट्रामा सेंटर में सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, मेवात, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, जींद, भिवानी, रोहतक, करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर व चरखी दादरी के अस्पतालों में 70 एडवांस लाइफ स्पोर्ट एम्बुलेंस व सुधारों के लिए 201.59 करोड़ दिए।



पूर्व वित्तमंत्री की नजर में बजट

## हरियाणा का बजट ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी: कैप्टन अभिमन्यु



कैप्टन अभिमन्यु
पूर्व वित्तमंत्री
हरियाणा सरकार

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने हरियाणा सरकार के वर्ष 2025-26 के बजट को लेकर प्रतिक्रिया दी। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि यह बजट प्रदेश के हर वर्ग को सशक्त बनाकर हरियाणा को एक नई ऊंचाई पर ले जाने वाला है। इस बजट में भाजपा सरकार की साफ नीयत, स्पष्ट नीति और विकास लक्ष्य साफतौर से झलकता है। कैप्टन अभिमन्यु ने ऐसे समावेशी और दूरदर्शी बजट के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह बजट हरियाणा के उज्जवल भविष्य की नींव रखेगा और प्रदेश को समृद्धि और आत्मनिर्भरता के नए शिखर पर पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प को मजबूत करने का काम करेगा, जिसमें 'मिशन हरियाणा-2047' का अनावरण एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प शामिल किया गया है।

लाडो लक्ष्मी योजना

### महिलाएं सशक्त होंगी

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि इस बजट में लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए बजट में 5,000 करोड़ का प्रावधान करने के अलावा डेयरी कृषि, बागवानी, पशुपालन एवं मतस्य पालन में लगी महिला किसानों के लिए ब्याज मुक्त एक लाख रुपये तक ऋण का ऐलान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देगा।

शिक्षा

### छात्रों के लिए सौगात

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सीएम नायब सिंह सैनी ने तीन लाख रुपये से कम परिवार की बीएससी की छात्राओं को विश्वविद्यालय की ट्यूशन फीस में छूट देने की घोषणा, कल्पना चावला स्कॉलरशिप के तहत छात्राओं को एक लाख रुपये देने, ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रैजुएशन अंतिम वर्ष के 2000 स्टूडेंट को इंटर्नशिप के लिए 10 हजार रुपये हर महीने का मानदेय देने का ऐलान प्रदेश की शिक्षा क क्षेत्र को और मजबूत करेगा।

कृषि

### किसानों को राहत

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि एक नई बागवानी नीति और मोरनी हिल्स के किसानों के लिए एक विशेष परियोजना की घोषणा की। मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत धान की खेती छोड़ने पर सब्सिडी 7,000 रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 8,000 रुपये प्रति एकड़ करने का ऐलान, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 70 करोड़ की प्रोत्साहन राशि का ऐलान किसानों की आय बढ़ाने वाला साबित होगा।

'भविष्य विभाग'

### युवाओं के लिए खास

कैप्टन अभिमन्यु ने बजट में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए 'भविष्य विभाग', एआई मिशन और 2,000 करोड़ का प्रावधान निजी निवेशकों को फंड आफ फंड्स बनाने के लिए प्रेरित करेगी। वहीं नशे के खिलाफ 10 करोड़ का प्रारम्भिक बजट और प्राधिकरण गठित करने का प्रस्ताव प्रदेश को नशामुक्त बनाने में कारगर साबित होगा। 'मिशन 2026 ओलंपिक पदक' लांच करने के लिए 20 करोड़ रुपये के आवंटन खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेगा।

# कर्मचारियों को सौगात, पे-आउट दिया जाएगा नई मेट्रो लाइन, पर्यटन बढ़ाने पर रहेगा जोर

*चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जहां कर्मचारियों को सौगात दी है वहीं नई मेट्रो लाइन बिछाने और पर्यटन को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया है। बजट भाषण में नायब सैनी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 24 जनवरी 2025 को अधिसूचित की गई यूनिफाइड पेंशन स्कीम की तर्ज पर हरियाणा सरकार के कर्मचारियों को भी यूपीएस का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री, जिनके पास वित्त मंत्रालय का प्रभार भी है, ने आज हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बजट प्रस्तुत करते हुए सदन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हित में लागू की जा रही इस योजना के तहत कम से कम 10 हजार प्रतिमाह पेआउट तथा 30 प्रतिशत फैमिली पेआउट के रूप में दिया जायेगा। ये दोनों लाभ 10 वर्ष की न्यूनतम सेवा के उपरांत दिये जायेगें। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेआउट का पूरा लाभ 25 वर्ष की सेवा के उपरान्त मिलेगा। इस स्कीम का लाभ आज हरियाणा सरकार में सेवारत लगभग 2 लाख कर्मचारियों को उपलब्ध होगा। - गुरुग्राम में मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर हब तक 5,500 करोड़ की लागत से मेट्रो लाइन का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, नमो मेट्रो कॉरिडोर के तहत सराय काले खां से धारूहेड़ा होते हुए नीमराना तक नमो मेट्रो लाइन बनाई जाएगी। पर्यटन बढ़ाने पर भी बजट में फोकस किया गया है।*



### सभी के सपने पूरे होंगे



डॉ. सतीश पूनिया, भाजपा प्रदेश प्रभारी

बजट विजनरी और प्रोग्रेसिव है। बजट में अंत्योदय की कल्पना को साकार करेगा। बजट ऐसा है कि सभी वर्गों के सपने साकार होंगे। भेड़-बकरी चराने वाले से लेकर आर्टिफिशियल इंटलेजेंसी से लेकर एयरपोर्ट तक सभी चीजों का प्रावधान बजट में किया गया है।

### विकसित भारत का विजन



कृष्ण लाल पंवार
विकास एवं पंचायत मंत्री

बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 के विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को प्रतिबिंबित किया है। बजट में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास के लिए 7313.98 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। एक हजार से अधिक आबादी वाले गांवों की फिरनियों को पक्का करवाया जाएगा।

### स्वास्थ्य सेवा में होगा सुधार



आरती राव
स्वास्थ्यमंत्री
हरियाणा

इस वर्ष स्वास्थ्य विभाग के बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 8.17 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। लगभग 10 हजार करोड़ से अधिक के बजट से प्रदेश के अस्पतालों में बुनियादी ढांचा मजबूत होगा वहीं सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक सुविधाओं में इजाफा होगा।

### महिला सशक्तिकरण पर जोर



अनिल विज
ऊर्जा, परिवहन एवं श्रममंत्री

इस बजट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। इसको तैयार करने से पहले मुख्यमंत्री के पास करीब 11 हजार सुझाव आए हैं। हरियाणा के हर कोने में हर वर्ग तक विकास पहुंचाने के लिए हर क्षेत्र में प्रावधान किए गए हैं।

### महिलाओं से विश्वासघात



कुमारी सैलजा
कांग्रेस नेत्री और सांसद, सिरसा

घोषणाएं कर मुकर जाना भाजपा की आदत है, भाजपा ने जो भी घोषणाएं की है उन्हें कभी पूरा नहीं किया गया या उनमें कटौती कर महिलाओं के साथ विश्वासघात किया। सरकार ने इस योजना के लिए जो बजट रखा है उससे प्रदेश की 25 प्रतिशत महिलाओं को ही लाभ मिल सकता है।

### सभी विभागों के रुके हुए काम शुरू होंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में सभी विभागों के रुके हुए और अधूरे कामों को युद्ध स्तर पर शुरू करके पूरा करवाया जाना सरकार की पहली प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए पीएम गति शक्ति की तर्ज पर शीघ्र ही एक नया पोर्टल बनाया जायेगा। इसके माध्यम से इन कार्यों की प्रगति की लगातार समीक्षा सुनिश्चित होगी। नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में हर शहर में एक 4-5 किलोमीटर लम्बी सड़क को तथा हर जिले में एक 10-15 किलोमीटर लम्बी सड़क को स्मार्ट मार्ग बनाया जाएगा।

### हर विधायक पांच करोड़ का विकास करवाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में विधानसभा के कार्यकाल के दौरान हर विधायक को अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये की राशि का विशेष प्रावधान किया गया है। यह राशि तीन किश्तों में दी जायेगी। इसके लिए हर विधायक को अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए 5 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की एकमुश्त सूची अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर देनी होगी। इस सूची में से पहली किश्त में 1.5 करोड़ रुपये की राशि विधायक द्वारा दी गई वरीयता अनुसार तुरंत जारी की जाएगी। इसी प्रकार, दूसरी किश्त 1.5 करोड़ रुपये की तथा अंतिम किश्त 2 करोड़ रुपये की जारी की जाएगी।

## संकल्प पत्र के 19 वादों को किया पूरा, 14 वादों पर कार्य प्रगति पर, सभी हितधारकों के सुझावों को शामिल कर बनाया गया संतुलित बजट : सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बतौर वित्त मंत्री वर्ष 2025-26 का राज्य बजट प्रस्तुत करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चुनावों से पहले जनता से किए गए वादों के अनुरूप संकल्प पत्र के संकल्पों को निरंतर पूरा किया जा रहा है। 217 संकल्पों में से अब तक 19 वायदों को पूरा किया जा चुका है और 14 वायदों पर कार्य प्रगति पर है। राज्य बजट 2025-26 के प्रावधानों को सदन की स्वीकृति मिलने से लगभग 90 और संकल्पों को आगामी वित्त वर्ष में पूरा किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र पर चलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा वर्ष 2020 से हरियाणा में बजट पूर्व परामर्श की एक अनोखी प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसी कड़ी में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हितधारकों से सुझाव आमंत्रित करने के लिए हरियाणा की अर्थव्यवस्था के विभिन्न हितधारकों के साथ कुल 11 बैठकें की, जिनमें 1592 सुझाव प्राप्त हुए।

### 11,000 सुझावों पर चिंतन-मनन किया

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि इस परिपाटी को एक कदम आगे बढ़ाते हुए 10 दिसम्बर, 2024 से एक ऑनलाईन पोर्टल भी शुरू किया गया था। इसके माध्यम से हरियाणा के कोने-कोने से घर बैठे लोगों ने बजट के लिए 8963 सुझाव भेजे। कुछ सुझाव ई-मेल और पत्रों के माध्यम से भी मिले। इसके अलावा कुछ आमजन ने अपने लिखित सुझाव भी प्रस्तुत किए। कुल मिलाकर लगभग 11,000 सुझावों पर चिंतन-मनन किया गया और अच्छे सुझावों को बजट में समायोजित किया गया। सभी हितधारकों के सुझावों को शामिल करके हर वर्ग के कल्याण के लिए संतुलित बजट बनाया गया है।

### विकसित भारत विजन को साकार करेगा बजट

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 के विकसित भारत के विजन को साकार करने में एक कड़ी का काम करेगा। मुख्यमंत्री ने आज अपने बजट अभिभाषण में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के लिए 1848 करोड़ रुपये तथा श्रम विभाग के लिए 96.81 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में लगभग 2 लाख सूक्ष्म, छोटे तथा मध्यम उद्योग चल रहे हैं। उद्यमियों के लाइसेंस मिलने में परेशानी नहीं हो रही।

### यमुनानगर में फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट

यमुनानगर में फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट बनाया जाएगा। प्राण वायु देवता पेंशन योजना के अन्र्तगत सम्मानित किए जाने वाले योग्य पेडो की पहचान करने के लिए नया सर्वेक्षण किया जाएगा। दुर्लभ व संकटग्रस्त देसी वृक्ष प्रजातियों के संरक्षण और विकास के लिए योजना बनाकर इन प्रजातियों के जीन-पूल को सुरक्षित किया जायेगा।

### आईएमटी मानेसर में पर्यावरण प्रशिक्षण केंद्र

आईएमटी मानेसर में पर्यावरण प्रशिक्षण केंद्र बनाया जाएगा। -पूजा-अर्चना के उपरान्त विर्सजन, फैक्ट्रियों से निकलने वाले रिसाव के चलते नदियों (घग्गर व यमुना) में हो रहे प्रदूषण की रोकथाम के लिए हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एक नई व्यवस्था बनाएगा।

### राजस्व रिकॉर्ड पूर्ण रूप से कंप्यूटरीकृत करेंगे

प्रदेश के सभी गांवों में राजस्व रिकॉर्ड को पूर्णत कंप्यूटरीकृत किया जा रहा है। सॉफ्टवेयर के माध्यम से राजस्व रिकॉर्ड और सजरे को अपडेट करने के लिए 22 जिलों के 10-10 गांवों में पायलट के तौर पर पटवारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। शेष सभी गांवों में यह कार्य वित्त वर्ष 2025-26 में पूरा कर दिया जाएगा।

### अग्निशमन के लिए 250 करोड़ देंगे

250 विभिन्न प्रकार के अग्निशमन वाहन खरीदे जाएंगे। 13 हाइड्रोलिक प्लेटफार्म बहुमंजिला इमारतों के अग्निशमन के लिए 250 करोड़ दिए जाएंगे। गांव खेडी मसानिया जिला जींद में मॉडर्न राज्य स्तरीय अग्निशमन प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने के लिए 29 करोड़ की राशि दी जाएगी।

### दिव्यांगताओं के लिए वितीय सहायता

दिव्यांगजन सशक्तीकरण के लिए 1 अप्रैल से 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अंतर्गत मान्यता प्राप्त सभी 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के लिए वितीय सहायता दी जाएगी। हीमोफिलिया थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित व्यक्तियों के लिए आयु सीमा की बाध्यता भी समाप्त कर दी है। इन तीन बीमारियों से प्रभावित व्यक्तियों को मौजूदा किसी भी पेंशन योजना के अंतर्गत यह लाभ दिया जाएगा। दिव्यांगजन कोष की स्थापना के लिए 50 करोड़ का बजट रखा होगा।

### जल निकासी को 23 परियोजनाएं

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीएमडीए का कुल बजट 2933.56 करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 917 करोड़ से सड़क बुनियादी ढांचे के लिए 42 प्रमुख परियोजनाएं और 1750 करोड़ की अनुमानित लागत के साथ जलापूर्ति, सीवरेज और जल निकासी के लिए 23 प्रमुख परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। इनमें चंदू और बसई में 100 एमएलडी डब्ल्यूटीपी और धनवापुर, बेहरामपुर और सैक्टर 107 में 100 एमएलडी एसटीपी की परियोजनाएं शुरू होंगी।



### सूरजकुंड मेला साल में 2 बार

कम से कम 5 टूरिस्ट कॉम्पलेक्स पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप पर दिए जाएंगे, ताकि बेहतर सुविधा मिल सके। फरीदाबाद में इंटरनेशनल सूरजकुंड मेला साल में 2 बार आयोजित किया जाएगा। लोहारू फोर्ट, भिवानी को पर्यटन के लिए विकसित किया जाएगा। राखीगढ़ी में वार्षिक स्तर पर मेला लगाया जाएगा। ज्योतिसर कुरुक्षेत्र में महाभारत अनुभव केंद्र को 205.58 करोड़ से डेवलप किया जा रहा है।



### सिंचाई एवं जल संसाधन : 100 तालाबों का निर्माण होगा

बारिश के दिनों में नदियों से आने वाली बाढ़ के पानी के प्रबंधन के लिए मुख्यमंत्री जल संचय योजना के तहत मनरेगा के जरिए 100 तालाबों का निर्माण होगा। - सूक्ष्म सिंचाई के प्रबंधन के लिए 2200 टैंक और 100 करोड़ से लिफ्ट सिंचाई परियोजना में लगे हुए पुराने पम्पों को बदला जाएगा। सतलुज-यमुना लिंक कैनाल के माध्यम से पानी दिलाएंगे।



### करदाताओं को सहूलियत

करदाताओं की सहूलियत के लिए सरकार ने वन टाइम सेटलमेंट योजना (ओटीएस) को मंजूरी दी है, जो अगले सप्ताह से लागू हो जाएगी। इसके अंतर्गत छोटे करदाता जिनकी बकाया राशि 1 लाख से कम है, उनके कर, ब्याज और जुर्माने को पूरी तरह माफ किया है। जिन करदाताओं की बकाया राशि 1 लाख से 10 लाख तक है, उनके ब्याज, जुर्माना और कर की राशि पर 60 प्रतिशत माफी दी जाएगी।



### पर्यावरण के लिए ये घोषणाएं

पर्यावरण में सुधार के लिए हरियाणा सरकार द्वारा वाहनों की स्क्रैप पॉलिसी बनाएगी। बजट में इसके लिए ई-वेस्ट प्रबंधन की नई पॉलिसी बनाई जाएगी। उद्यम एवं रोजगार पॉलिसी में शून्य अपशिष्ट निर्वहन प्रक्रिया को अपनाने वाली व चक्रीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली औद्योगिक ईकाइयों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। गुरुग्राम व नूंह जिले में अरावली जंगल सफारी बनाएंगे।



तीन घंटे तक पढ़ा बजट भाषण

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बिना ब्रेक भाषण के बहाने एक तीर से साधे कई निशाने

*सूबे में तीसरी बार भाजपा की सरकार को लेकर भी मुख्यमंत्री नायब सैनी ने साफ कर दिया कि देश के पीएम नरेंद्र मोदी और पूर्व सीएम रहे मनोहरलाल की साफ सुथरी सोच और देशहित, गरीब हित में काम करने की नीति के कारण ही यह संभव हुआ है। अपने 79 पेज के बजट भाषण के दौरान उन्होंने अंत में गुरु रविदास को याद किया और कहा-ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न /छोट-बड़ो सभ सम बसै, रैदास रहे प्रसन्न*

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को तीन घंटे का वक्त लगाकर बजट भाषण पढ़ा, इस बजट भाषण के बहाने मुख्यमंत्री ने एक मंजे हुए सियासी खिलाड़ी की तरह सधे अंदाज में जहां पहला बजट बतौर वित्तमंत्री पेश किया, वहीं इसमें युवाओं, महिलाओं, किसानों, खिलाड़ियों सभी वर्गों को कवर करने में कामयाब भी रहे। अपने 79 पेज के भाषण में मुख्यमंत्री ने खुद ब्रेक नहीं लिया लेकिन हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने उनका ध्यान रखा व कुछ घोषणाओं, पूर्व विधायकों, पूर्व मंत्रियों, प्रमुख व्यक्तियों के स्वागत में पंक्तियां बोलकर राहत दी। अहम बात यह भी रही कि तीन घंटे के बजट भाषण में उन्होंने कई बार जहां अपने सियासी गुरु और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इसके अलावा देश के पीएम नरेंद्र मोदी के विजन और हैट्रिक को उनका ही आशीर्वाद बताया।

### प्रदेश की जनता को लुभाने की कोशिश

अब अगर सीएम की इस दौरान की घोषणाओं पर गौर करें, तो खास खास योजनाओं और प्रस्तावों के बहाने उन्होंने प्रदेश की जनता को लुभाने की कोशिश भी की है। इस दौरान राज्य अनुसंधान पार्क बनाए जाने, रेवाड़ी में हर्बल पार्क स्थापित करने के अलावा सूबे के अंदर 2145 कालोनियों को नियमित करने की घोषणा बड़ी बात है। इतना ही नहीं महिला सशक्तिकरण के लिए कृषि, बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन में लगी महिला किसानों के लिए ब्याज मुक्त एक लाख तक ऋण देने का वादा किया।

### लाडो लक्ष्मी योजना से विपक्ष को तगड़ा जवाब

भाषण में लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पांच करोड़ का प्रावधान कर विपक्ष को तगड़ा जवाब दिया है, क्योंकि इस बारे में विपक्ष की ओर से लगातार पूछा जा रहा था। कुल मिलाकर मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया कि वे अपने वादे से पीछे हटने वाले नहीं है, लेकिन लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ किन महिलाओं को होगा यह भी इसी साल तय कर लिया जाएगा, इसमें कई तरह की शर्तें जरूर होंगी। महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपये की आर्थिक सहायता देने का संकल्प लिया।

### एआई हब बनाना युवाओं पर फोकस

गुरुग्राम और पंचकूला में एआई हब बनाने की घोषणा बड़ी घोषणा है। जिसका दोनों जिलों में दिल खोलकर भाजपा और दूसरे नेताओं द्वारा भी किया जा रहा है। इसी तरह से 'डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर' भी बेहद ही दूरगामी कदम साबित होगा। युवा वर्ग के लिए भी खास घोषणा के तहत 2 लाख को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की गई है।

### सैनी ने इनकी तारीफ की

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण द्वारा विस को लेकर उठाए जा रहे कदमों की तारीफ बजट भाषण में की। वहीं उन्होंने सियासी गुरु रहे केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल की नीतियों को बार बार याद किया। इसके अलावा उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और देश को आगे ले जाने की जमकर प्रशंसा की।

### बड़ी घोषणा

राज्य में 15 मेडिकल कॉलेज खोले जाने और एमबीबीएस की सीटें बढ़ाने की घोषणा भी बड़ी हैं। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट भवन बनाने की तैयारी भी है। 71 करोड़ ट्रांसपोर्ट भवन पर खर्च होंगे। हिसार से अयोध्या, जयपुर, चंडीगढ़, अहमदाबाद और जम्मू के लिए हवाई सेवा प्रारम्भ करने की घोषणा भी बड़ी बात है।

### अंबाला के लिए खास

गुरुग्राम में 16 एकड़ भूमि पर हेलीपोर्ट और इलेक्ट्रिक वाहनों और उनके पुर्जों के निर्माण के लिए ईवी पार्क स्थापित करने की घोषणा हुई है। अंबाला शहर में 800 एकड़ भूमि में आईएमटी अंबाला की स्थापना करने की घोषणा भी बेहद ही बड़ी बात अंबाला वासियों के लिए होगी।

## 'नायाब' बजट



- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 के विकसित भारत के विजन को साकार करने में एक कड़ी का काम करेगा। मुख्यमंत्री ने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के लिए 1848 करोड़ रुपये तथा श्रम विभाग के लिए 96.81 करोड़ आवंटित किए।
- प्रदेश में 2 लाख सूक्ष्म, छोटे तथा मध्यम उद्योग चल रहे हैं। सभी उद्यमियों के लाइसेंस, फायर अनापत्ति प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुमतियां, श्रम विभाग की अनुमति, ट्रैड लाइसेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र लेने में अब कोई कठिनाई नहीं है। अब एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं मिल रही।
- प्रदेश में जीरो वाटर वेस्टेज औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। इस दिशा में एक पायलट प्रोजेक्ट के लिए आई एम टी मानेसर को चुना गया है। यहां जल संरक्षण एवं हरित पहल के तहत 55 एमएलडी के सीईटीपी से शोधित जल को रि-साइकिल कर पूरे औद्योगिक क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट का विकास, सेंट्रलाइज्ड फायर सिस्टम तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयोग किया जाएगा

## कृषि विशेषज्ञों ने कृषि बजट को बताया अभूतपूर्व, पानी बचाने के लिए योजनाओं पर होगा काम

# नकली दवा-बीज बेचने वालों पर नकेल कसेगी, आएगा बिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत बजट में कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए खास तवज्जो दी है। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री ने कृषि का जिक्र आते ही कहा कि कृषि व उससे जुड़ी गतिविधियां हमारे छोटे से प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूत रीढ़ की हड्डी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि हिसार के एचएयू में उन्होंने 5 घंटे वैज्ञानिकों के साथ विचार विमर्श किया था, जिसमें कृषि के क्षेत्र को लेकर उनके पास 161 विचार आए थे। हमने उस पर ही कृषि बजट को फोकस रखा। कृषि विशेषज्ञों ने भी इसे कृषि के लिए अभूतपूर्व बजट बताया जबकि किसानों ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बजट में किसानों के नाम पर मात्र दिखावा किया है। जमीनी लेवल पर किसानी को मजबूत करने के लिए कुछ नहीं मिला।



### कृषि

- कृषि विभाग के बजट में 19 .2 प्रतिशत की वृद्धि, खेती की लागत में कमी पर सरकार का फोकस

### बागवानी

- बागवानी में 95 .50 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ सरकार का इस क्षेत्र को बढ़ाने का लक्ष्य

### पशुपालन

- पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार 50 .9 प्रतिशत बजट बढ़ाने का ऐलान किया

### नकली बीज व दवाएं बेचने वालों को होगी सजा



कृषि विभाग फतेहाबाद के उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने कहा कि बजट में सरकार द्वारा किसानों को नकली बीज व कीटनाशक से बचाने के लिए बिल लाने की बात कही है। बिल भी इसी सत्र में आएगा। सीएम ने सदन में कहा कि हमारे समाज में कुछ काली भेड़ें किसानों को नकली बीज व दवाईयां बेच रही हैं। इनके चंगुल से किसानों को बचाने के लिए एक बिल लाया जाएगा। सिहाग ने कहा कि यह बिल किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### धान न लगाने पर 8 हजार का मिलेगा अनुदान



कृषि विभाग टोहाना के एसडीओ मुकेश महला ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट में मेरा पानी-मेरी विरासत योजना में धान की खेती छोडने वाले किसानों को अनुदान राशि 7 हजार से बढ़ाकर 8 हजार प्रति एकड़ कर दी गई है। अगर ग्राम पंचायतें काश्त लायक भूमि को खाली छोड़ती हैं तो उन्हें भी यह राशि प्रदान की जाएगी। पानी की बचत के लिए धान की सीधी बिजाई करने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि 4 हजार रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर साढ़े 4 हजार रुपये कर दी गई है।

### पराली प्रबंधन की प्रोत्साहन राशि 4 हजार रुपये करें



किसान संगठन पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान ने बजट को ढकोसला बताते हुए कहा कि सरकार ने कहीं भी स्पष्ट नहीं किया कि किसानों के लिए क्या नई नीति लागू की गई है। किसानों को पूरा एमएसपी मिलेगा, इसकी क्या गारंटी है। पराली प्रबंधन के लिए मात्र 200 रुपये की बढ़ोतरी की गई जबकि इसे 4 हजार रुपये प्रति एकड़ किया जाना चाहिए था। धान की सीधी बिजाई के लिए भी बढ़ाई गई प्रोत्साहन राशि पर्याप्त नहीं है। सरकार इसे भी बढ़ाए।

### अंबाला, यमुनानगर व हिसार में एक्सीलेंस सेंटर खुलेंगे

अंबाला, यमुनानगर व हिसार में क्रमशः लीची, स्ट्रॉबेरी और खजूर के लिए तीन नए उत्कृष्ट केंद्र स्थापित करने का प्रावधान है जिससे किसानों की आय में बढोतरी होगी। महिला किसानों को डेयरी, कृषि बागवानी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन के लिए ब्याज मुक्त एक लाख रुपए का ऋण देने का बजट में प्रावधान किया गया है।

### एक लाख एकड़ में प्राकृतिक खेती का लक्ष्य

उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के 25000 एकड़ भूमि में प्राकृतिक खेती के लक्ष्य के मुकाबले इस वर्ष एक लाख एकड़ भूमि का लक्ष्य रखा गया है। इससे लोगों को शुद्ध भोजन मिलेगा। मेरा पानी- मेरी विरासत योजना के तहत धान की खेती छोडने वाले किसानों को मिल रही अनुदान राशि 7000 रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 8000 रुपये प्रति एकड़ मिलेगी। धान की सीधी बुवाई की अनुदान राशि 4000 रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 4500 रुपये प्रति एकड़ किया गया है। इसी प्रकार धान की पराली का प्रबंध करने वाले किसानों का अनुदान 1000 रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 1200 रुपये प्रति एकड़ किया गया है।

### अमरूद प्रसंस्करण व पैकेजिंग प्लांट स्थापित होगा

अंबाला, यमुनानगर व हिसार में क्रमशः लीची, स्ट्रॉबेरी और खजूर के लिए तीन नए उत्कृष्ट केंद्र स्थापित करने का प्रावधान है जिससे किसानों की आय में बढोतरी होगी। महिला किसानों को डेयरी, कृषि बागवानी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन के लिए ब्याज मुक्त एक लाख रुपए का ऋण देने का बजट में प्रावधान किया गया है।

### मिट्टी की सेहत सुधारेंगे

मुख्यमंत्री ने बजट पेश करते हुए कहा कि कृषि व उससे जुड़ी गतिविधियाँ हमारे छोटे से प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूत रीढ़ की हड्डी हैं और हमेशा रहेंगी। हर किसान की खेती में लागत कम करना, उसकी फसलों की पैदावार को हर वर्ष बढ़ाते रहना, हर फसल को एमएसपी पर खरीद की गारंटी देना, उसके खेत की मिट्टी की सेहत अच्छी रखना, उसके खेत में पानी की हर बूंद से अधिक से अधिक उपज लेना, उसे अच्छे बीज, खाद और कीटनाशक उपलब्ध करवाना, उसकी रासायनिक खाद पर निर्भरता कम करना सरकार का लक्ष्य है।

### नस्ल सुधार पर फोकस

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को पेश किये बजट में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के हित को देखते हुए घोषणा की कि भेड़ बकरियों की नस्ल सुधारने के लिए नई योजना बनाई जाएगी तथा देसी गाय खरीदने पर दिए जाने वाले अनुदान में भी बढ़ोतरी करेंगे।उन्होंने बताया कि पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए बकरी और भेड़ की उच्च आनुवंशिक नस्लें (जैसे बीटल, सिरोही, मुंजल आदि) जो हरियाणा में नहीं पायी जाती है, को राज्य के पशुपालकों को उपलब्ध करवाने के लिए सरकार आगामी वित्त वर्ष में नई योजना की शुरुआत करेगी।

## उद्योगपति

# नायाब बजट से उद्योग जगत की बल्ले- बल्ले, मिली कई राहत

- अनियमित क्षेत्र में चल रहे उद्योगों को मिली रियायत का किया स्वागत

**बहादुरगढ़।** हरियाणा में फरीदाबाद, गुरुग्राम, बहादुरगढ़, सोनीपत, पानीपत जैसे औद्योगिक नगरों में अनेक अनियमित इंडस्ट्रियल एरिया विकसित हो चुके हैं। वहां उद्यमियों पर सदैव डिमोलिशन का खतरा मंडराता रहता था। लेकिन सीएम नायब सैनी ने सोमवार को पेश किए बजट में ऐसे उद्यमियों को बड़ी राहत दी है। प्रदेश के उद्योग जगत ने इसका स्वागत करते हुए आधारभूत सुविधाओं में भी इजाफे की मांग दोहराई है।विधानसभा में सोमवार को बजट पेश करते हुए सीएम नायब सैन ने ऐलान किया कि कम से कम 50 उद्यमी और कम से कम 10 एकड़ सन्निहित भूमि पर स्थित इकाई के सामूहिक रूप से एक पोर्टल पर अपना आवेदन पर अंतिम निर्णय लिए जाने तक सभी विभागों द्वारा वैध औद्योगिक इकाई माना जाएगा। इससे प्रदेश के दर्जनों अनियमित इलाकों में उद्योग चलाने वाले हजारों उद्यमियों को राहत मिली है। बहादुरगढ़ में भी बालाजी औद्योगिक क्षेत्र और सूर्य नगर जैसे अनेक इंडस्ट्रियल एरिया में उद्योग चलाने वाले इससे लाभांवित होंगे।

### नई आईएमटी से प्रदेश के विकास को मिलेगी रफ्तार

बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ उपप्रधान विकास आनंद सोनी ने बताया कि एचएसआईआईडीसी द्वारा आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर 10 नए



आईएमटी विकसित करने की घोषणा भी प्रदेश के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के 'एक जिला एक उत्पाद" कार्यक्रम की तर्ज पर हरियाणा सरकार द्वारा 'एक ब्लॉक, एक उत्पाद' कार्यक्रम का ऐलान भी स्वागतयोग्य कदम है। खरखोदा में आईएमटी का विस्तार करने के ऐलान से भी यहां औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इससे प्रदेश का विकास गति पकड़ेगा।

## उद्योगपति

# बजट में एकमुश्त भुगतान योजना के प्रस्ताव का व्यापारियों ने किया स्वागत

### सरकार ने व्यापारियों को हितों का ध्यान रखा : बबलू गोयल

जींद के व्यापारी नेता मनीष गोयल उर्फ बबलू ने बजट को व्यापारियों के हित में करार देते हुए कहा कि सरकार ने व्यापारियों को हितों का ध्यान रखते हुए बजट में एकमुश्त भुगतान



योजना लाने का प्रस्ताव किया है। जिससे प्रदेश के व्यापारियों को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी के आढ़तियों ने प्रस्ताव किया था कि सरकार मार्केट कमेटी द्वारा तीन साल के लिए बनाए जा रहे लाइसेंस के स्थान पर ऐसे आढ़तियों जिनकी खुद की दुकान है को 25 साल का लाइसेंस दे। सरकार इस पर भी विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि बजट में सरकार ने नए उद्योग के लिए पांच के स्थान पर 10 एकड़ जमीन पर स्थापित किए जाने वाले उद्योग की सभी औपचारिकताएं डीसी स्तर पर पूरी करने का प्रस्ताव किया है। इससे ऐसे उद्योग लगाने वाले लोगों को चंडीगढ़ के चक्कर काटने से निजात मिलेगी। मनीष गोयल ने कहा कि बजट में किए गए प्रावधान स्वागत योग्य है।

### पेंशन को लेकर बजट में प्रावधान नहीं : राजकुमार

जींद के व्यापारी नेता राजकुमार गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा प्रस्तुत पहले आम बजट से व्यापारियों को बड़ी आस थी लेकिन बजट में व्यापारियों को



राहत देने के लिए कोई बड़ा कदम नही उठाया गया है। व्यापारी जिंदगी भर सरकार को टैक्स देकर सरकार के खजाने में अपना योगदान देता है। व्यापारियों की मांग 60 वर्ष के बाद सम्मानजनक पेंशन की डिमांड रही है। दूसरा मुद्दा व्यापारियों को सुरक्षा का रहा। व्यापारियों की सुरक्षा के लिए भी अलग से कदम नही उठाया गया है। जीएसटी तथा टैक्स में व्यापारी सरलीकरण के साथ छूट भी चाहता था। इसके अलावा व्यापारियों की कुछ अन्य समस्याएं भी थी, जिनका व्यापारी समाधान बजट के माध्यम से चाहता था लेकिन बजट में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

# प्लाइवुड उद्योग संचालक खुश, बोले-बजट से हर क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी

**यमुनानगर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विधानसभा में पेश किए गए आम बजट से प्लाइवुड उद्योग संचालक खुश नजर आ रहे हैं। प्लाइवुड उद्योग संचालकों का मानना है कि उद्योक श्रमिक मैत्री परिषद बनने व पांच एकड़ तक स्थापित उद्योगों को रिन्यूवल करने की पावर उपायुक्त को दिए जाने से उद्योग संचालकों को राहत मिलेगी।

### यमुनानगर में प्लाइवुड की 400 से ज्यादा फैक्ट्रियां

हरियाणा प्लाइवुड मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन के प्रधान जेके बियानी का कहना है कि जिले में प्लाइवुड उद्योग



की छोटी बड़ी चार सौ से अधिक फैक्ट्रियां हैं। इनमें हजारों की संख्या में प्रवासी व स्थानीय श्रमिक कार्य कर रहे हैं। सरकार ने आम बजट में उद्योगों के लिए कई घोषणाएं की हैं। जिनमें पांच एकड़ तक के उद्योगों के रिन्यूवल करने की पावर उपायुक्त को दिया जाना, अनाथाराइज फैक्ट्रियों के सामूहिक रुप से आवेदन करने पर सरकार द्वारा उन्हें रेगुलर करने का विचार करने और समाधान होने तक उन्हें रेगूलर मानी जाने का निर्णय सराहनीय है। वहीं, उद्योग श्रमिक मैत्री परिषद बनाए जाने का भरोसा दिया जाना भी सराहनीय है।

### उद्योगों की रिन्यूवल की पॉवर उपायुक्त को मिली

प्लाइवुड उद्योग के लिए देश भर में मशहूर है यमुनानगर प्लाइवुड उद्योग संचालक मनीष मलिक का कहना है कि



हरियाणा सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में उद्योगों की रिन्यूवल की पावर उपायुक्त को दिए जाने से उद्योग संचालको को अब दर दर नहीं भटकना पड़ेगा। पांच एकड़ तक के उद्योगों को स्थानीय स्तर पर रिन्यूवल मिलना उद्योग संचालकों के लिए राहत की बात है। उनका कहना है कि बजट में जो उद्योग श्रमिक मैत्री परिषद का गठन करने की बात कही गई है वह भी उद्योग संचालकों व श्रमिकों के लिए काफी लाभ दायक है। साथ ही उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि प्लाइवुड उद्योग को एग्रोबेस उद्योग का दर्जा दिया जाना बेहद जरुरी है।

## कृषि विशेषज्ञ

# उत्पादन में बढ़ोतरी होगी, किसानों आर्थिक रूप से मजबूत होंगे



**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने राज्य सरकार द्वारा पारित किए गए बजट को किसान हितैषी बजट बताया है। प्रो. काम्बोज ने बताया कि बजट में प्रदेश के सभी जिलों में बीज परीक्षण लैब स्थापित करने की घोषणा की गई है। किसानों को नकली बीज व कीटनाशक के चुंगल से बचाने के लिए इसी सत्र में बिल लेकर आने का प्रस्ताव है। बीज परीक्षण लैब स्थापित होने से किसानों को अपने बीज की गुणवत्ता की जांच करवाने में मदद मिलेगी।गन्ना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गन्ने की मशीन से कटाई कराए जाने के लिए हारवेस्टर मशीन पर सब्सिडी दिये जाने का प्रावधान किया गया है।

## शिक्षाविद्

# ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं के लिए शिक्षा की राह की आसान



**सोनीपत।** डीसीआरयूएसटी के पूर्व कुलपति प्रो. राजेंद्र अनायतप्रदेश सरकार ने बजट में शिक्षा पर फोकस रखा है, जोकि जरूरी भी है। प्रदेश के बजट का एक बहुत बड़ा हिस्सा शिक्षा व्यवस्था पर खर्च किया जाना है। इसमें कई तरह के प्रयास बताए गए हैं। विशेष बात ये है कि सरकार ग्रामीण स्तर पर शिक्षा को मजबूत करने के लिये प्रतिबद्ध दिखाई दे रही है। गांव में हर 10 किलोमीटर पर मॉडल टाउन संस्कृति स्कूल खोलने और हर जिले में एक महाविद्यालय को मॉडल संस्कृति महाविद्यालय बनाने की घोषणा स्पष्ट तौर पर शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाएगा। सभी मॉडल स्कूलों में ई-लाइब्रेरी बनाने का प्रावधान किया गया है।

## तकनीक के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की तैयारी

# गुरुग्राम और पंचकूला को एआई हब बनने से प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे



- सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में उद्योग-अकादमिक भागीदारी को अनिवार्य किया जाएगा। कम से कम 10 प्रतिशत पाठ्यक्रमों को 'सीखते हुए कमाएं' मॉडल में परिवर्तित किया जाएगा।

सरकार शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेषतौर पर युवतियों की पढ़ाई को लेकर सरकार अधिक गंभीर दिखाई दे रही है। इसी वजह से कल्पना चावला छात्रवृति योजना के अंतर्गत विज्ञान और इंजीनियरिंग में स्नातक और स्नाकोत्तर की पढ़ाई करने वाली छात्राओं को 1 लाख रुपये सालाना छात्रवृति दी जाने की घोषणा की गई है। वहीं 3 लाख से कम आय वाले परिवार की छात्राएं जोकि विवि के प्रांगणों में स्थित महाविद्यालयों में बीएससी कोर्सेस में पढ़ रही हैं, उनकी ट्यूशन फीस माफ की गई है। इन योजनाओं से पता चलता है कि सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को सार्थक करना चाहती है। गुरुग्राम व पंचकूला को एआई हब बनाने का फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री युवा कौशल सम्मान योजना के तहत ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन लास्ट ईयर के स्टूडेंट को इंटर्नशिप के लिये 10 हजार हर महीने का मानदेय दिया जाएगा। इस तरह की योजनाओं से भी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

## पूर्व वित्तमंत्रियों की नजर में बजट

# किसान से लेकर मध्यम वर्ग तक को खाली हाथ रखा गया



**कैप्टन अजय यादव**
पूर्व वित्तमंत्री
हरियाणा व वरिष्ठ
कांग्रेस नेता

**रेवाड़ी।** प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने बजट पर प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार बजट में फिसकल डेफिसिट को मेनटेन करने में नाकाम साबित हुई है। इस बजट से फिसकल डेफिसट 4 फीसदी से ज्यादा हो जाएगा, जबकि यह कम रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 2100 रुपये देने का प्रावधान सराहनीय है, लेकिन देखना यह होगा कि सरकार इसे कितने समय तक जारी रख पाएगी। उन्होंने कहा कि बजट पूरी तरह नीरस और दिशाहीन है, जिसमें किसान से लेकर मध्यम वर्ग तक को खाली हाथ रखा गया है। घाटा बढ़ाने वाले बजट से कर्ज का बोझ बढ़ेगा। आय का बड़ा हिस्सा कर्ज के ब्याज के रूप में ही चला जाएगा। बजट से प्रदेश कर्ज के जाल में फंसता जाएगा। आगे जाकर समाज के हर वर्ग पर इसका नकारात्मक असर दिखाई देगा।

# बजट में राजकोषीय घाटा कम करने का कोई प्रावधान नहीं रखा

**हिसार।** पूर्व वित्त मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रो. सम्पत सिंह ने कहा कि वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुमानित बजट 205017 करोड़ रुपये का पेश किया है जोकि पिछले वर्ष के मुकाबले 13.7 प्रतिशत अधिक बताया है।परंतु पिछले वर्ष के अनुमानित बजट 189876 करोड़ रुपये में केवल 7.9 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। अनुमानित बजट 205017 करोड़ रुपये में से पूंजीगत व्यय जो विकास के खर्च होता है केवल 16164 करोड़ रुपये ही खर्च होंगे जोकि केवल 7.88 प्रतिशत होगा। उन्होंने कहा कि कृषि एवं कृषि से जुड़ी हुई अन्य सेवाओं पर खर्च वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल बजट का 11.52 प्रतिशत से वित्तीय वर्ष 2025-26 में घटकर 10.67 प्रतिशत रह जाएंगे। यातायात, सिविल एविएशन, सड़कों पर कुल बजट की हिस्सेदारी 4.16 प्रतिशत से घटकर 3.70 प्रतिशत रह गया है। बजट में घाटे को लेकर कोई रणनीति नहीं है।



**संपत सिंह**
पूर्व वित्तमंत्री
हरियाणा सरकार व
वरिष्ठ नेता

# जनकल्याण की बजाए निजीकरण को बढ़ावा

**नारनौल।** आशा थी बजट में तीन लाख पेंशनर्स व फैमिली पेंशनर्ज को बजट में स्वास्थ्य सुविधा, आयु के आधार पर बेसिक पेंशन मे वृद्धि सहित कई मांगों को



पूरा किया जाएगा, लेकिन सरकार ने बजट मे पेंशनर्स की अनदेखी करते हुए उनके लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया। सरकारी विद्यालयों में पचास हजार से अधिक शिक्षकों खाली पड़े पदों को भरे जाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई। बजट में सभी विद्यालयों में स्वच्छ पीने के पानी तथा बिजली की व्यवस्था की जानी चाहिए थी। सभी 0-14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का अधिकार है, लेकिन सरकार ने बजट मे माडल संस्कृतिक विद्यालय में कुछ सुधार करने की बात कही है। इन विद्यालयों में 1-5 तक की कक्षाओं में 200 रुपये, 6-8 कक्षाओं में 250 रुपये, 9-12 कक्षाओं में 500 रुपये फीस प्रत्येक माह ली जाती है।

**-धर्मपाल शर्मा**
राज्य प्रेस सचिव रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा




बजट में **खास**




**10,159.54**

2025-26 में 8.17% बजट को बढ़ाकर इस बार 10,159.54 करोड़ करने का प्रस्ताव रखा गया



**200**

बिस्तर वाले अस्पताल अब प्रदेश में 18 हुए, जिला अस्पतालों में मरीजों के लिए निजी कमरों की व्यवस्था



**50**

मेडिकल कॉलेज में 50 बेड का एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाया जाएगा



**14**

दुर्घटनाओं के दौरान तथा ट्रामा में होने वाले इलाज की सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए 14 जिलों नामत


कुरुक्षेत्र में स्थित राज्य स्तरीय ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी का आधुनिकीकरण किया जाएगा इसके लिए 20 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

# सुधरेगी लोगों की सेहत, 17 जिलों में कैंसर केयर, मरीजों के लिए बनेंगे डे केयर सेंटर

सूबे के लोगों की सेहत सुधारने के लिए प्रदेश सरकार ने 17 जिलों में कैंसर मरीजों के लिए डे केयर सेंटर बनाने की घोषणा की है। वहीं, स्वास्थ्य बजट 9391.87 करोड़ रुपए को 8.17% से बढ़ाकर इस वर्ष 2025-26 में 10,159.54 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव बजट में रखा गया है। प्रदेश में निवारक स्वास्थ्य के लिए शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, नूंह में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

पिछले 10 वर्षों में भारत सरकार और हरियाणा सरकार ने मिलकर स्वास्थ्य व्यवस्था में न केवल भारी निवेश किया है। शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव से लेकर संचारी व गैर संचारी रोगों की रोकथाम एवं निवारण तक निरंतर मिशन मोड में काम किया है। यही कारण है कि 2013-14 के मुकाबले हमारा संस्थागत प्रसव 85.7% से बढ़कर 97.9% एवं पूर्ण टीकाकरण दर 85.7% से बढ़कर 92% हो गई है। मातृ मृत्यु दर 127 से घटकर 110, नवजात मृत्यु दर 26 से घटकर 19, शिशु मृत्यु दर 41 से घटकर 28 तथा 5 वर्ष से कम आयु के शिशुओं की मृत्यु दर 45 से घटकर 33 हो गई है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की भावना पर सत्त प्रयास से जन्म के समय लिंग अनुपात 868 से बढ़कर 910 हो गया है। इस वित्तीय वर्ष इन सभी मानकों में उल्लेखनीय सुधार लाने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जाएंगे। आयुष्मान-चिरायु से लेकर मुफ्त डायलिसिस योजना तक हमारी अनेक अनूठी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से आज हरियाणा का हर परिवार अच्छे अस्पतालों में इलाज के लिए सम्भावित खर्च की चिन्ता से मुक्त है।



## श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में 63 सीटें बीएएमएस की

गैर-ऐलोपैथिक चिकित्सा पद्धतियों के अध्ययन, व्यवस्थित शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कुरुक्षेत्र के फतुहपुर गांव में 100 एकड़ भूमि पर श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य वित्त वर्ष 2025-26 में आरम्भ कर दिया जाएगा। इसमें 63 सीटें बीएएमएस की तथा 82 सीटें स्नातकोत्तर स्तर की तथा डिप्लोमा इन फार्मेसी की 63 सीटों का प्रावधान रखा गया है।

## ट्रामा में होने वाले इलाज की सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए 14 जिले नामत

दुर्घटनाओं के दौरान तथा ट्रामा में होने वाले इलाज की सुविधाओं में बढ़ौतरी के लिए 14 जिलों नामतः गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, मेवात, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़, जीन्द, भिवानी, रोहतक, करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर व चरखी दादरी के जिला अस्पतालों में 70 एडवांस लाईफ स्पोर्ट एम्बुलेंस एवं अन्य संरचनात्मक सुधारों के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2025-26 में 201.59 करोड़ रूपये के निवेश को स्वीकृति दी है। पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, भिवानी और महार्षि छायावान चिकित्सा महाविद्यालय, कोरियावास में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दाखिले के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की अनुमति के लिए हम शीघ्र ही आवेदन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में ही पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, कुटैल तथा इसमें नवनिर्मित 750 बिस्तर के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को भी शुरू कर दिया जाएगा। प्रदेश में निवारक स्वास्थ्य के लिए शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, नूंह में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा।



■ अंबाला कैंट में बनाया गए अटल कैंसर केयर सेंटर में लोग दूसरे राज्यों से भी कैंसर का इलाज करवाने के लिए आ रहे हैं। इसके अतिरिक्त पंचकूला, कुरुक्षेत्र, अंबाला, यमुनानगर व फरीदाबाद में कैंसर के मरीजों के लिए डे केयर सेंटर चल रहे

■ पंचकूला में श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड द्वारा दी गई भूमि पर बने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा बीएएमएस की कक्षाएं शुरू कर दी गई

■ पंचकूला, पानीपत, फरीदाबाद, सोनीपत, पलवल, सिरसा, कैथल, महेंद्रगढ़ के जिला अस्पतालों व मेडिकल कॉलेज नूंह में कुल 9 अति आधुनिक मातृ एवं शिशु केंद्र होंगे स्थापित

बजट में **खास**



**1485**

डॉक्टरों की सख्या बढ़ाने के लिए 10 वर्षों में बढ़ी एमबीबीएस की 1485 सीटें बढ़ी



**25**

रेवाड़ी व जींद में आयुष हर्बल पार्क स्थापित किए जाएंगे। रामपुर-सरसेहड़ी सामुदायिक केंद्र में 25 बिस्तर का होम्योपैथिक अस्पताल शुरू होगा

### 750 बिस्तर का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल

वित्त वर्ष 2025-26 में ही पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, कुटैल तथा इसमें नवनिर्मित 750 बिस्तर के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को भी शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश में निवारक स्वास्थ्य के लिए शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, नूंह में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा। कुरुक्षेत्र में स्थित राज्य-स्तरीय ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी का आधुनिकीकरण किया जाएगा, इसके लिए मैनें 20 करोड़ का प्रावधान किया है। इसी प्रकार ,पंचकूला में श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड द्वारा दी गई भूमि पर बने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा बीएएमएस की कक्षाएं शुरू कर दी गई हैं। गैर-ऐलोपैथिक चिकित्सा पद्धतियों के अध्ययन, व्यवस्थित शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए जिला कुरुक्षेत्र के फतुहपुर गांव में लगभग 100 एकड़ भूमि पर श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य वित्त वर्ष 2025-26 में आरम्भ कर दिया जायेगा। इसमें 63 सीटें बीएएमएस की तथा 82 सीटें स्नाकोत्तर स्तर की तथा डिप्लोमा इन फार्मेसी की 63 सीटों का प्रावधान रखा गया है।

महिलाओं के विकास पर फोकस

## प्रदेश की महिलाओं को 1 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त लोन देने की घोषणा



महिलाओं के लिए सबसे बड़ी घोषणा हर महीने 2100 रुपए देने की रही। जिसके लिए बजट में 5 हजार करोड़ रखे गए हैं। वहीं महिलाओं को 1 लाख रुपए तक ब्याजमुक्त लोन देने की भी घोषणा की। महिला एवं बाल विकास के लिए 2024-25 के संशोधित अनुमान 1008.44 करोड रुपए को 36.1% से बढ़ाकर वर्ष 2025-26 में 1372.10 करोड़ रुपए का प्रस्ताव किया गया है। सीएम ने महिलाओं के उत्थान एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए बजट में कृषि ,बागवानी , पशुपालन तथा मत्स्य विभाग की योजनाओं पर महिलाओं को एक लाख रुपये तक ब्याज-मुक्त ऋण देने का प्रस्ताव रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्होंने घोषणा की थी कि ऐसी महिला किसान जो डेयरी स्थापित करने हेतु 1 लाख रूपये तक का ऋण लेती है, उनको ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। उनके ब्याज का पूरा भार सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में कृषि, बागवानी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभागों की विभिन्न योजनाओं को महिला उन्मुखी बनाया जायेगा एंव किसी भी योजना में भी महिलाओं द्वारा लिए गए पहले 1 लाख रुपये तक के ऋण पर कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा। पोषक तत्वों से भरपूर गोबर-खाद फसलों के लिए अच्छा उर्वरक होती है।

**कामकाजी महिलाओं के लिए पंचकूला, पानीपत, सोनीपत, रेवाड़ी, फरीदाबाद और गुरुग्राम में महिला छात्रावास बनाए जाएंगे**

खिलाड़ियों पर धन वर्षा

## गेम्स को बढ़ाया के लिए खेल नर्सरियां 1500 से बढ़ाकर 2000 की जाएगी



विश्व कौशल ओलिंपिक में हरियाणा के पदक विजेताओं को 10 लाख रुपए तक का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। यदि वे स्वयं अपना व्यवसाय शुरू करना चाहें, तो उन्हें सरकार द्वारा 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी की जाएगी। मुख्यमंत्री युवा कौशल सम्मान योजना के तहत राज्य के स्नातक और स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के 2,000 विद्यार्थियों को 10,000 रुपए का मासिक मानदेय इंटर्नशिप कराई जाएगी। ओलिंपिक मेडलिस्ट खिलाड़ियों को बिजनेस के लिए सरकार 10 लाख देगी। खिलाड़ियों की डाइट मनी 400 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए प्रति दिन करने और अखाड़ों को 20 से 50 लाख इनाम देने की भी घोषणा की। ओलिंपिक मेडलिस्ट को एकेडमी खोलने के लिए 2% सब्सिडी के साथ 5 करोड़ लोन भी मिलेगा। वहीं, 8 से 14 वर्ष के खिलाड़ियों की छात्रवृत्ति बढ़ाकर दो हजार प्रतिमाी तथा 15 से 19 वर्ष के लिए खिलाड़ियों की तीन हजार प्रतिमाह की जाएगी। वहीं,राज्य के 5 विवि में नये खेल उत्कृष्टता केंद्र खोले जाएंगे मिशन ओलिंपिक 2026 विजयीयभव योजना के तहत बी करोड़ कवरेज दिया जाएगा खेलर्ग्सरियों की संख्या 1500 से बढ़ाकर 2000 की जाएगी।

**राज्य के 5 विवि में नये खेल उत्कृष्टता केंद्र खोले जाएंगे मिशन ओलिंपिक 2026 विजयीयभव योजना के तहत 20 करोड़ का प्रावधान**

## इनकी नजर में बजट

### लाडो लक्ष्मी योजना से महिलाओं में बढ़ेगा आत्मविश्वास : सुमन बतरा



प्राचार्य सुमन बतरा
गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय
कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र।** लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये हर महीने दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर वित्त मंत्री बजट में इसके योजना के लिए 5 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य सुमन बतरा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा लाडो लक्ष्मी योजना शुरू करने का ऐलान करने पर स्वागत किया है। सुमन बतरा ने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा। महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी। यह राशि निचले दबके की महिलाओं के लिए एक बहुत बड़ी सहायता है। इससे महिलाओं की बचत में इजाफा होगा। इस राशि से महिला घर चलाने में भी मदद कर सकेंगी। बच्चों का पालन पोषण कर सकेंगी। बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवा सकेंगी। सुमन बतरा ने कहा कि वर्तमान में किसी भी संस्थान में वेतन को लेकर महिलाओं के साथ समानता का अधिकार है। आज भी महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले कम आंका जाता है।

### महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनेगी : प्रो. संतोष दहिया

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्रोफेसर संतोष दहिया ने बजट में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 5 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे महिलाएं आर्थिक रुप से सशक्त बनेगी। लाडो लक्ष्मी योजना से महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। प्रो. संतोष दहिया ने कहा कि आजकल नौकरियां रही नही है। महिलाओं को नौकरी नही मिल पाती है। महंगाई का दौर है। इस योजना से महिलाओं को अवश्य ही फायदा होगा। प्रो. संतोष दहिया ने कहा कि पुरुष की अपेक्षाएं महिलाएं अधिक खर्च करती है। बेशक पुरुष कमा कर लाता है लेकिन घर के सारे खर्च महिलाएं ही करती है। पुरुष के काम पर जाने के बाद महिलाएं दिनभर घर पर रहती है। ऐसे में दिनभर के मार्किट के जो भी कार्य होते है वह महिलाएं ही करती है। योजना के तहत मिलने वाली राशि से महिलाएं अपने साथ-साथ अपने बच्चों की भी जरुरतें पूरी कर सकेंगी। प्रो.संतोष दहिया ने कहा कि बच्चे को कुछ भी जरुरत हो तो वह अपने पिता से बात नही करता है वह सबसे पहले अपनी मां से बात करता है।



प्रोफेसर संतोष दहिया
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय

## महामुकाबले में लिवरपूल को 1-2 से मिली रोमांचक हार

# न्यूकासल बना इंग्लिश लीग कप चैंपियन, घरेलू टूर्नामेंट जीतने का 70 साल का इंतजार खत्म

एजेंसी ▶▶| लंदन

न्यूकासल ने लिवरपूल को 2-1 से हराकर इंग्लिश लीग कप जीता और इस तरह से किसी घरेलू टूर्नामेंट को जीतने का 70 साल से चला आ रहा इंतजार खत्म किया। डैन बर्न और एलेक्जेंडर इसाक ने रविवार को वेम्बली में खेले गए फाइनल में न्यूकासल की तरफ से गोल करके उसकी जीत पक्की की। लिवरपूल के स्थानापन्न फेडेरिको चियासा ने इंजरी टाइम में गोल किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। न्यूकासल के कप्तान ब्रूनो गुइमारेस ने कहा, '70 साल बाद अब हम कह सकते हैं कि हम फिर से चैंपियन हैं। यह मेरे जीवन के सबसे अच्छे दिनों में से एक है।' इससे पहले न्यूकासल की आखिरी प्रमुख घरेलू ट्रॉफी 1955 में एफए कप थी। उसने 1969 में इंटर-सिटीज़ फेयर्स कप जीता था। यह टूर्नामेंट अब बंद हो चुका है।




## बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-2 से हराया

**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके एटलेटिको मैड्रिड को 4-2 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। एटलेटिको 72 मिनट तक दो गोल से आगे था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। बार्सिलोना ने इसके बाद चार गोल किए। इनमें से दो गोल उसने इंजरी टाइम में किए। इस जीत से बार्सिलोना के 27 मैच में 60 अंक हो गए हैं। रियल मैड्रिड के 28 मैच में 60 अंक है और गोल अंतर के कारण वह दूसरे स्थान पर है। एटलेटिको यह मैच हारने के कारण तीसरे स्थान पर बना हुआ है। उसके 28 मैच में 56 अंक हैं।

## गोकुलम केरला ने नौ खिलाड़ियों पर सिमटे नामधारी एफसी को हराया

**श्री भैनी साहिब।** गोकुलम केरला एफसी ने नौ खिलाड़ियों तक सिमटी नामधारी एफसी को सोमवार को 3-1 से हराकर आई लीग फुटबॉल 2024-25 खिताब जीतने की ओर कदम बढ़ा दिए। थाबिसो ब्राउन (57वां मिनट), एडामा नियाने (81वां) और इगनासियो एबेलेडो (92वां) ने गोकुलम के लिये गोल दागे जबकि नामधारी के लिये एकमात्र गोल मनवीर सिंह ने 63वें मिनट में किया। गोकुलम ने अब अपने घरेलू मैदान से बाहर लगातार तीन मैच जीत लिए हैं। इस जीत के बाद अब वह 19 मैचों में 31 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। शीर्ष पर चर्चिल ब्रदर्स उससे तीन अंक आगे है जिसके पास एक ही मैच बचा है। गोकुलम को अभी तीन मैच और खेलने हैं। नामधारी एफसी के डिफेंडर सुखनदीप सिंह को 27वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड मिलने से टीम के दस ही खिलाड़ी मैदान पर रह गए। इसके बाद 60वें मिनट में असंतोष जताने वाले क्लेडसन कार्वाल्हो डासिल्वा को भी लालकार्ड दिखाया गया।

## अध्यक्ष पद के लिए अजय सिंह को कलिता-भंडारी से मिलेगी चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बनने की कवायद में लगे भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के मौजूदा प्रमुख अजय सिंह को इस खेल महासंघ के 28 मार्च को होने वाले बहु प्रतीक्षित चुनाव में महासचिव हेमंत कलिता और उपाध्यक्ष राजेश भंडारी की चुनौती का सामना करना होगा। अजय सिंह स्पाइसजेट एयरलाइंस के अध्यक्ष भी हैं और उनके नाम का प्रस्ताव उत्तराखंड मुक्केबाजी संघ ने किया। अध्यक्ष पद के लिए उनका मुकाबला असम मुक्केबाजी संघ के सचिव कलिता और हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष भंडारी से होगा। भंडारी ने उत्तर क्षेत्र के उपाध्यक्ष पद के लिए भी आवेदन किया है, जो वर्तमान में उनके पास है। केरल राज्य मुक्केबाजी संघ के सचिव डी चंद्रलाल अध्यक्ष पद के चौथे दावेदार हैं।

चुनाव गुरुग्राम में बीएफआई की वार्षिक आम बैठक के दौरान होगा। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 16 मार्च थी।

HARYANA TOURISM
Come, holiday with us !

GAURIYYA TOURIST RESORT BAHADURGARH
(Email: gauriyya-hrto@haryanatourism.gov.in)

TENDER NOTICE

HTC Gauriyya Tourist Resort, Bahadurgarh intends to finalize annual rate contracts of following items for the year 2025-2026 i.e (01.04.2025 to 31.03.2026) with the authorized distributors/ stockiest having GST Number for their use in **HTC Gauriyya Tourist Resort, Bahadurgarh.**

A.Kiryana & Expendable Items
B.Chicken, Eggs, Mutton & Fish
C.Fresh Vegetables.
D. Laundry & Drycleaning Services.
E. Firewood & Charcoal.
F. Stationery Printing for Office.

The tender documents containing details of above items is available in Office of Haryana Tourism Corporation Ltd., **HTC Gauriyya Tourist Resort, Bahadurgarh**. The tender documents issued in favour of HTC Gauriyya Tourist Resort, Bahadurgarh must reach on or before 25.03.2025 at 5:00 PM at HTC Gauriyya Tourist Resort, Bahadurgarh.
**for More information and General Terms & Conditions please Contact: 01276-243855, 9671212128**

कार्यालय नगरपालिका गन्नौर
Phone no. 0130-2460098 Email ID:- secymeganur.c@gmail.com
नगरपालिका गन्नौर।
सार्वजनिक सूचना ।
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका गन्नौर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 652 आवदेकों को लाभ देने के लिए निदेशालय से स्वीकृत डी.पी.आर. सूची 2017 में प्राप्त हुई थी। लेकिन शेष बचे 323 लाभार्थी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने में कोई विशेष रूचि नहीं दिखा रहे हैं। अतः शेष बचे लाभार्थियों की सुची सम्पूर्ण विवरण सहित नगरपालिका गन्नौर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है व अन्तिम मौका देते हुए आप सभी को सूचित किया जाता है कि सात दिन के अन्दर अन्दर नगरपालिका गन्नौर के कार्यालय में कमरा नं. 01 में उपस्थित होकर अपनी मलकियत से सम्बन्धित दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा यह समझा जाएगा कि सम्बन्धित लाभार्थी इस योजना का लाभ लेने के इच्छुक नहीं है तथा उनका नाम डी.पी.आर. सूची से हटा दिया जाएगा व भविष्य में उक्त स्कीम का लाभ नहीं दिया जाएगा।
हस्ता/-सचिव
नगरपालिका गन्नौर।

# मीरा एंड्रीवा और जैक ड्रेपर बने इंडियन वेल्स में चैंपियन

एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

रूस की किशोरी मीरा एंड्रीवा ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता।



इस 17 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और 1999 में सेरेना विलियम्स के बाद टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की चैंपियन बन गई। पुरुष वर्ग के फाइनल में 13वीं वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने डेनमार्क के 12वीं वरीयता प्राप्त होल्गर रून को 6-2, 6-2 से हराकर अपनी पहली मास्टर्स 1000 चैंपियनशिप जीती। ड्रेपर 23 वर्ष के हैं और इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। उन्होंने शनिवार को सेमीफाइनल में दो बार के गत चैंपियन कार्लोस अलकराज को हराया था।

### खुद पर भरोसा बनाए रखा: मीरा



एंड्रीवा भी इस जीत से महिला रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गई है। यह उनका वर्तमान सत्र में दूसरा मास्टर्स 1000 खिताब है। इससे पहले वह दुबई मास्टर्स में चैंपियन बनी थी। मीरा ने मैच के बाद कहा, 'मैंने खुद पर भरोसा रखना और कभी हार नहीं मानने के जज्बे के लिए खुद का आभार व्यक्त करती हूं। अपना आत्मविश्वास और जज्बा बनाए रखना वास्तव में मुश्किल था इसलिए मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया। इसलिए मैं खुद को धन्यवाद देना चाहूंगी क्योंकि मैंने भी इस जीत में थोड़ी भूमिका निभाई।'

**सबालेंका का खराब प्रदर्शन:** शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने इस साल कैलिफोर्निया में किए अपने खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। हालांकि, फाइनल में आकर एक बार फिर वह अपने फॉर्म से चूक गईं और उन्हें गंवाए गए अवसरों पर पछताना पड़ा। सबालेंका और मीरा के एक रिकॉर्ड की बात करें तो रूसी खिलाड़ी पर बेलारूस की स्टार का दबदबा रहा है।

THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED
District Office- Hafed, Bhattu Road, Fatehabad (Haryana).
TEL: 01667297254E.Mail: dmhfdftd@hry.nic.in

RE-INVITE E-TENDER NOTICE FOR ENGAGEMENT OF EXPERIENCED LABOUR CONTRACTOR FIRMS / COMPANIES /COOPERATIVE SOCIETIES FOR LOADING/UNLOADING AND HANDLING OF FOOD GRAINS BELONGING TO FOOD CORPORATION OF INDIA IN GODOWNS FOR TWO YEAR I.E. 2025-26 & 2026-27 OR DEHIRE BY FCI WHICH IS EARLIER AND EXTENDABLE FOR FURTHER ONE YEAR.

| Sr. No. | Name of Centre | Capacity (in MT) | EMD Amount |
|---|---|---|---|
| 1. | Bhattu Centre PEG (Vinayak Group Dhingsara, Om India Dhingsara, Salasher Infra Banawali, Santosh Kumar Dhabi and Hafed PEG Bhattu) | 199800 | 1998000/- |

| Sr. No. | Hafed Stage | Party Stage | Start/expiry Date and Time |
|---|---|---|---|
| 1. | | (I) Downloading of Tender Document/Online Bid Preparation (ii) Online directly transfer of funds through RTGS/NEFT or OTC (Tender document fee Rs.5000/-, e-Service fee Rs.1,000/-)=6000/- and required EMD (as mentioned against each items) | From 17/03/2025 (17.00 hrs) To 25/03/2025 (09.00 hrs) |
| 2. | | Submission of online Bid | 17/03/2025 to 25/03/2025 (09.00 hrs) |
| 3. | Opening of Technical Bid | | 25/03/2025 (10.00 hrs) |
| 4. | Opening of Financial Bid | | 25/03/2025 (11.00 hrs) |

The tender document containing details terms & conditions are available at Haryana Single e-procurement portal at https://etenders.hry.nic.in/ or Hafed website www.hafed.gov.in. All bidders are required to get register on e-tendering portal (https://etenders.hry.nic.in/) for applying of online e-tender. Technical & Financial bid will be opened at Hafed District Ofce, Fatehabad and negotiations will be held on the same day. Hafed reserves the right to reject any/all the tenders without assigning any reason whatsoever.
-District Manager Hafed, Fatehabad

दी भट्टू कलां को ऑपरेटिव मार्केटिंग कम प्रोसेसिंग सोसाइटी लिमिटेड
53, अनाज मंडी, भट्टू कलां) मो. 93151-92903, 99921-08184
(टैंडर की शर्ते)
आप सभी लेबर ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि दी भट्टू कलां को ऑपरेटिव विपणन एवं प्रसाधन समिति लिमिटेड 53, अनाज मंडी भट्टू कलां से मिड-डे मिल व आंगनवाड़ी का राशन आबंटित करवाने का कार्य करने हेतु लेबर तथा ट्रांसपोर्टेशन सहित एक ही टेंडर किया जाना है। इच्छुक ठेकेदार अपनी निविदाएं दिनांक 21.03.2025 दोपहर 1:00 बजे तक समिति कार्यालय में जमा करवाए। प्रबंधक कमेटी द्वारा दिनाँक 21.03.2025 को दोपहर 02:15 बजे समिति कार्यालय में सबसे कम रेट (प्रति बैग) वाले ठेकेदार को यह ठेका दे दिया जायेगा।
ठेकेदार को ठेका निम्न शर्तों पर दिया जायेगा।
1. लेबर ठेकेदार को लेबर तथा ट्रांसपोर्टेशन के काम के अनुभव एवं अन्य आंकलन के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी।
2. ठेका छूटते ही 20000 रुपये बतौर अमानत राशि जमा करवानी होगी जिसका कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा।
3. प्रत्येक ठेकेदार को 1000 रूपए फार्म फीस के रूप में देने होंगे जो कि रिफेडेबल नहीं हैं।
4. इस टेंडर की अवधि 21/03/2025 से अगला ठेका छूटने तक की रहेगी।
5. ठेकेदार को आधार कार्ड व बैंक पासबुक की फोटोकॉपी तथा स्वंय की फोटो मोके पर जमा करवानी होगी।
6. ठेकेदार को लेबर तथा ट्रांसपोर्टेशन का कार्य पूरी ईमानदारी के साथ करना होगा तथा किसी प्रकार की लापरवाही की वजह से किसी किस्म का नुक्सान होता है तो वह ठेकेदार वहन करेगा।
7. अगर ठेकेदार समय पर लेबर तथा ट्रांसपोर्टेशन हेतु साधन उपलब्ध नहीं करवाएगा तो ठेकेदार की क्षतिपूर्ति पर कार्य अन्य लेबर से करवा लिया जायेगा।
8. सब कमेटी को टेंडर फार्म में कमी पाए जाने, शर्तें पूरी न होने की सूरत में टेंडर को रद्द करने व स्वीकार करने का पूरा अधिकार होगा।
हस्ता/- प्रबंधक,
दी भट्टू कलां विपणन एवं प्रसाधन समिति लिमिटेड
भट्टू कलां (फतेहाबाद)

दी भट्टू कलां को ऑपरेटिव मार्केटिंग कम प्रोसेसिंग सोसाइटी लि.
53, अनाज भट्टू कलां जिला फतेहाबाद
टेंडर नोटिस
आप सभी लेबर ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि दी भट्टू कलां को ऑपरेटिव मार्केटिंग कम प्रोसेसिंग सोसाइटी लि अनाज भट्टू कलां में हरियाणा सरकार के आदेशानुसार सरसो की खरीद की जानी है जिसके लिए खरीद कार्य में लेबर का कार्य सरसों की उतराई, झराई, सफाई, भराई, तुलाई सिलाई मशीन द्वारा (डबल स्टीचिंग) मार्का लगाई तथा लदाई के कार्य का ठेका प्रबंधक कमेटी द्वारा दिनाँक 21/03/2025 को सुबह के 11.00 बजे समिति कार्यालय में छोड़ा जायेगा इसलिए जो भी ठेकेदार ठेका लेने का इच्छुक हो वो अपने रेट बंद लिफाफे में प्रबंधक कमेटी को प्रस्तुत करे। ठेकेदार को ठेका निम्न शर्तों पर दिया जायेगा।
1. लेबर ठेकेदार को कच्ची लेबर के काम के अनुभव एवं अन्य आंकलन के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी।
2. 1000/-रुपये फार्म फीस समिति में जमा करवानी होगी। जो वापस नहीं कि जायेगी।
3. ठेका छूटते ही 10 लाख रुपये बतौर अमानत राशि जमा करवानी होगी जिसका कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा। 50 लाख रूपए का चैक टेंजिबल सिक्योरिटी देनी होगी।
4. ठेकेदार अपनी निविदाएं 21/03/2025 सुबह 11.00 बजे तक समिति कार्यालय में दे सकते है। इसके बाद निविदाएं मान्य नहीं होगी ।
5. इस टेंडर की अवधि 21.03.2025 से हरियाणा सरकार के आदेशनुसार तक की रहेगी।
6. ठेकेदार को आधार कार्ड व बैंक पासबुक की फोटोकॉपी तथा स्वंय की फोटो मोके पर जमा करवानी होगी।
7. ठेकेदार सरसों की उतराई, झराई, सफाई, भराई, तुलाई, सिलाई मशीन द्वारा (डबल स्टीचिंग) मार्का लगाई तथा लदाई का कार्य पूरी ईमानदारी के साथ करेगा तथा किसी प्रकार की लापरवाही की वजह से किसी किस्म का नुक्सान होता है तो वह ठेकेदार वहन करेगा। झरना, पंखा आदि की उपलब्धता समिति के समक्ष सुनिश्चित करें।
8. बारदाना घटती, सरसों तोल घटती, उठान तक पूर्ण वजन सरसों सुरक्षित रखने की ज़िम्मेवारी ठेकेदार की होगी।
9. लेबर के भुगतान की पुष्टि के बाद ही ठेकेदार का भुगतान किया जायेगा।
10. मंडी के मजबूत वित्तीय स्थिति के दो व्यक्तियों की श्योरिटी दिलवानी होगी।
11. टेंडर कार्य के पेमेंट सरकार की हिदायतों के अनुसार की जाएगी।
12. टी. डी. एस. आयकर विभाग के नियमनुसार काटा जाएगा।
13. अगर ठेकेदार समय पर लेबर उपलब्ध नहीं करवाएगा तो ठेकेदार की क्षतिपूर्ति पर कार्य अन्य लेबर से करवा लिया जायेगा।
14. सब कमेटी को टेंडर फार्म में कमी पाए जाने, शर्तें पूरी न होने की सूरत में टेंडर को रद्द करने व स्वीकार करने का पूरा अधिकार होगा।
15. सरकार के निर्देशानुसार ठेकेदार, सरसों की खरीद कार्य को समिति द्वारा बताई गयी मंडी / खरीद केंद्र पर करने के लिए बाध्य होगा।
17. जिन टेंडरदाताओ के टेंडर का रेट फाईनल होगा वह सभी कर सहित होगा।
18. टेंडर रद् करने का अधिकार प्रबन्धक कमेटी के पास होगा।
हस्ता/- प्रबंधक,
दी भट्टू कलां सहकारी विपणन समिति लि. मण्डी भट्टू कलां,
दुकान नं. 53 अनाज मण्डी, भट्टू कलां

बैडमिंटन

## स्विस ओपन में सिंधू, लक्ष्य को फॉर्म हासिल करने की उम्मीद



एजेंसी ▶▶| बासेल

स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन यहां मंगलवार से शुरू हो रहे 250000 डॉलर ईनामी राशि के स्विस ओपन टूर्नामेंट में खोया फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू का सामना भारत की दूसरे नंबर की खिलाड़ी मालविका बंसोड़ से होगा।

वहीं लक्ष्य भी भारत के ही एच एस प्रणय से खेलेंगे जो यहां 2016 में खिताब जीत चुके हैं। तीन साल पहले यहां खिताब जीत चुकी सिंधू आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में पिछले सप्ताह पहले ही दौर में हार गई थी। मालविका ने हालांकि सिंगापुर की यिओ जिया मिन को हराया था।

लक्ष्य आल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जबकि प्रणय पहले दौर में बाहर हो गए थे। स्विस ओपन में भारतीयों का रिकॉर्ड अच्छा रहा है और सिंधू, के श्रीकांत, प्रणय, समीर वर्मा, साइना नेहवाल, पुरुष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी यहां खिताब जीत चुके हैं। लक्ष्य और प्रणय का यह पेरिस ओलंपिक के बाद एक दूसरे से पहला मुकाबला होगा।

### आकर्षि और अनुपमा देंगी चुनौती



महिला एकल में आकर्षि कश्यप और अनुपमा उपाध्याय भी खेलेंगी। कश्यप का सामना क्वालीफायर से तो अपराजिता की टक्कर डेनमार्क की लाइन होमार्क के से होगा। रक्षिता श्री संतोष रामराज पहले दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसेन से खेलेंगी। पुरुष एकल में किरण जॉर्ज का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके से होगा जबकि प्रियांशु राजावत स्विटजरलैंड के टोबियास कुएंजी से खेलेंगे। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की टक्कर एलाइन म्यूलर और केली वान बुइटेन से होगी। वहीं प्रिया के और श्रुति मिश्रा तथा आरती साहा और वर्षिणी विश्वनाथ की जोड़ी भी इस वर्ग में खेलेंगी।

हरियाणा सरकार
Haryana Shehri Vikas Pradhikaran
विवादों से समाधान
VIVADON SE SAMADHAN YOJANA (VSSS) 2024
ध्यान दें! HSVP प्लॉट धारकों के लिए सुनहरा अवसर!
क्या आप अपने प्लॉट की लंबित एन्हांसमेंट (Enhancement) लागत से परेशान हैं?
अब कम राशि में भुगतान करने का सुनहरा मौका।
VSSS के तहत, आप अपनी बकाया एन्हांसमेंट (Enhancement) राशि को रियायती दर पर निपटा सकते हैं। यह सीमित समय के लिए विशेष अवसर है, जिससे आप अपनी देनदारियां आसानी से समाप्त कर सकते हैं।
कम भुगतान करें – VSSS 2024 के तहत रियायती दर पर निपटान
झंझट मुक्त प्रक्रिया – कोई कानूनी जटिलता नहीं
सीमित समय के लिए ऑफर – अभी आवेदन करें
यह योजना विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले आवासीय प्लॉट, फ्लोर वाइस रजिस्ट्रेशन, ग्रुप हाउसिंग सोसायटी, साथ ही संस्थागत और औद्योगिक प्लॉट वाले सभी आबंटियों और प्लॉट धारकों के लिए उपलब्ध है। यह योजना 140 सेक्टरों में फैली हुई है और 5000 से अधिक आवेदकों के लिए 550 करोड़ रुपये से अधिक की छूट प्रदान करती है।
223 आबंटी पहले ही इस पहल का लाभ उठा चुके हैं, और अब आपकी बारी है इस अवसर का लाभ उठाने की।
इस योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 मई, 2025 है।
HSVP
Chief Administrator
Haryana Shehri Vikas Pradhikaran
C-3, HUDA Complex, Sector 6,
Panchkula - 134109, Haryana,
Email: ao2branch24@gmail.com
विवादों से समाधान पोर्टल के लिंक के लिए https://vsss.hsvphry.org.in/ पर जाएं

## चिंतन

# विदेशों में भारत विरोधी गतिविधियां अस्वीकार्य

अमेरिका व यूरोप समेत विदेशी मुल्कों से भारत विरोधी गतिविधियों और भारत के खिलाफ आतंकवाद को लेकर नई दिल्ली काफी मुखर है। पिछले दो तीन वर्ष में कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया में भारत विरोधी गुटों की गतिविधियां सामने आई हैं। भारत द्विपक्षीय वार्ता में संबंधित मुल्कों को अपनी चिंता से अवगत कराता रहा है और ऐसे गुटों, संगठनों व लोगों पर कार्रवाई की मांग करता रहा है। खलिस्तान समर्थकों के प्रति हमदर्दी के चलते ही कनाडा के भारत से संबंध में कड़वाहट आई। भारत की यात्रा पर आए न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लुक्शन के साथ बातचीत में पीएम नरेन्द्र मोदी ने न्यूजीलैंड में भारत विरोधी गतिविधियों पर नई दिल्ली की चिंता जाहिर की है। भारत और न्यूजीलैंड ने अपने रक्षा एवं सुरक्षा संबंधों को संस्थागत रूप देने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत ने अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड के सामने भी खालिस्तानी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' पर प्रतिबंध लगाने और इसकी भारत-विरोधी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यूएस डीएनआई तुलसी गबार्ड से एसएफजे की गतिविधियों पर अमेरिका से ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है। भारत ने यूएस से कहा है कि 'सिख फॉर जस्टिस' अमेरिकी धरती से भारत के खिलाफ उकसावे वाली और हिंसक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है, जो दोनों देशों के संबंधों के लिए भी खतरा बन सकता है। भारत ने एसएफजे को 2019 से ही गैरकानूनी घोषित कर रखा है। सिख फॉर जस्टिस को भारत सरकार खालिस्तानी अलगाववादी समूह मानती है। इसकी स्थापना 2007 में अमेरिका में गुरपतवंत सिंह पन्नू ने की थी। संगठन का मुख्य लक्ष्य पंजाब को भारत से अलग कर एक स्वतंत्र खालिस्तान राष्ट्र की स्थापना करना है। तुलसी गेबार्ड ने पीएम मोदी से भी मुलाकात की है, जिसमें भी उन्हें खालिस्तानी आतंकवाद के प्रति भारत की चिंता से अवगत कराया है। भारत नई दिल्ली के खिलाफ आतंकवादी व अलगाववादी गतिविधियों को खत्म करने के प्रति प्रतिबद्ध है और विदेशी धरती पर ऐसे किसी भी कुकृत्य को हल्के में नहीं ले रहा है। चाहे यूरोप हो, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, या फिर पाकिस्तान हो, किसी भी जगह नई दिल्ली विरोधी गतिविधियों को भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। हालांकि अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गेबार्ड ने भारत में पाक समर्थित हमले को इस्लामी आतंक कहा है और इससे दुनिया को खतरा होने की बात कही है, उन्होंने प्रेसिडेंट ट्रंप के इस्लामी आतंकवाद से लड़ने के वादे की बात भी दोहाई है, लेकिन व्यवहार में अमेरिका का आचरण खालिस्तानी आतंकवादियों को लेकर भारतीय रुख से मेल नहीं खाता है। भारत की चिंता को एड्रेस करने के लिए अमेरिका को बहुत कुछ करना होगा। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी पोडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत में एक साथ अमेरिका और चीन से संतुलित कूटनीति को आगे बढ़ाया है। आने वाले वक्त में इन दोनों महाशक्तियों के साथ भारत किस तरह संतुलन साधते हुए आगे बढ़ेगा, इसकी रूपरेखा स्पष्ट कर दी है। पीएम ने ट्रंप की तारीफ की और चीन के साथ सकारात्मक संबंध की वकालत की। भारत की इस संतुलित कूटनीति से अपने खिलाफ चल रहे आतंकवादी व अलगाववादी गतिविधियों के खात्मे में मदद मिलेगी। विदेशी सरकारें अगर उनके यहां चल रहे भारत विरोधी गतिविधियों को लेकर चुप रहेंगी या अनदेखी करेंगी तो भारत न चुप रहेगा न शांत बैठेगा।



पोडकास्ट विश्लेषण
अवधेश कुमार

# संघ की समावेशी सोच से रूबरू विश्व

**राजनीतिक विश्लेषक मानेंगे कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक वक्तव्य से पैदा संभ्रम को समाप्त कर पूरे संगठन परिवार में सही संदेश स्थापित करने की दृष्टि से ऐसा कर रहे हैं। अभी भी आप संघ के बारे में दुराग्रह, वैचारिक विरोध या घृणा के आलोक में देखेंगे तो सही निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा कि वामपंथी विचारधाराओं ने दुनिया के मजदूरों एक हो जाओ का नारा देते हुए बताया कि पहले आप एक हो जाओ और हम बाकी कुछ संभाल लेंगे। संघ के मजदूर संघों ने नारा दिया, 'मजदूरों दुनिया को एक करो'। आप सोचिए जो लोग संघ को विभाजनकारी मानते हैं उसने इस छोटे से शब्द के द्वारा कितना बड़ा बदलाव सोच और व्यवहार में लाया होगा।**

स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार देश के शीर्ष पर बैठे किसी व्यक्ति या प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर इतने विस्तार से बातचीत की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ तीन घंटे के अपने लंबे पॉडकास्ट में अनेक विषयों बातचीत की जिनमें संघ भी एक महत्वपूर्ण विषय था। अगर साक्षात्कार लेने वाला दुराग्रह या पूर्वाग्रह न पाले तो सकारात्मक दृष्टि से उसके साथ बातचीत संभव है और इससे सही परिप्रेक्ष्य लोगों के समक्ष आता है। हाल के दिनों में प्रधानमंत्री ने तीसरी बार संघ पर अपना मत प्रकट किया है और सबमें सुसंगति है , स्वर एक ही है। पिछले 21 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित 98 अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा था कि वेद से विवेकानंद तक भारत की महान परंपरा और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक संस्कार यज्ञ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से चला रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मेरे जैसे लाखों लोगों को आरएसएस ने देश के लिए जीने की प्रेरणा दी है। उसके पहले 12 अक्टूबर, 2024 को संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने पर सरसंचालक डॉ. मोहन भागवत के एक वीडियो का लिंक साझा करते हुए उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया था कि राष्ट्र सेवा में समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस आज अपने 100 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। अविरल यात्रा के इस ऐतिहासिक प्रभाव पर समस्त स्वयंसेवकों को मेरी हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनायें। मां भारती के लिए यह संकल्प और समर्पण देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करने के साथ ही विकसित भारत को साकार करने में भी ऊर्जा भरने वाला है। फ्रिडमैन के साथ उन्होंने संघ की विचारधारा ,उत्पत्ति, संगठन की कला और उससे जुड़े संगठनों के विराट स्वरूप पर विस्तार से बातचीत की है।

राजनीतिक विश्लेषक मानेंगे कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक वक्तव्य से पैदा संभ्रम को समाप्त कर पूरे संगठन परिवार में सही संदेश स्थापित करने की दृष्टि से ऐसा कर रहे हैं। देखने वालों की दृष्टि है किंतु संघ के स्वयंसेवक और संगठन परिवार के कार्यकर्ता इसे संपूर्ण जीवन लगा देने वाले एक वरिष्ठ स्वयंसेवक के सही मंतव्य के रूप में ही लेंगे। वास्तव में जिन्हें संघ समझना हो वे इसे उस रूप में लेंगे तो समस्या नहीं आएगी। अभी भी आप संघ के बारे में प्रत्यक्ष साकार से परे दुराग्रह, वैचारिक विरोध य घृणा के कारण लिखने - बोलने के आलोक में देखेंगे तो सही निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते। प्रधानमंत्री के पूरे वक्तव्य का मूल समझना हो तो उनकी इस पंक्ति को आधार बनाना होगा कि आरएसएस आपके जीवन में एक स्पष्ट दिशा प्रदान करता है जिसे वास्तव में जीवन का उद्देश्य कहा जा सकता है। दूसरी बात, राष्ट्र सब कुछ है और लोगों की सेवा करना भगवान की सेवा के समान है यह वैदिक युग से कहा गया, हमारे ऋषि मुनियों ने जो कहा, विवेकानंद जी ने जो कहा, उसका संघ प्रतिनिधित्व करता है। आरएसएस पर निष्पक्षता से अध्ययन करने वाले उनके इस बात से शत- प्रतिशत सहमत होंगे। संघ को संघ की दृष्टि से समझने की कोशिश करने वाले प्रधानमंत्री की बात से सहमत होंगे कि संघ को समझना इतना आसान



नहीं है। इसके काम की प्रकृति को वास्तव में समझने के लिए प्रयास करना पड़ता है। उन्होंने अपने बारे में स्पष्ट किया कि उनके जीवन में एक दिशा, राष्ट्र की सेवा और लक्ष्य को पाने की प्रेरणा, संकल्प तथा काम करने की अंतःशक्ति केवल संघ के स्वयंसेवक होने के कारण मिले जो बाद में अध्यात्म और संतों के कारण सशक्त होते हुए आगे बढ़ा।

वास्तव में यह आम सक्रिय स्वयंसेवकों के सामूहिक अनुभवों की श्रेष्ठ अभिव्यक्ति है। संघ के स्वयंसेवकों से पूछिए कि संघ आपको क्या सिखाता है तो कहेंगे कि जिस तरह हम परिवार की चिंता करते हैं उसी तरह देश की करें। दूसरी बात यह बताएंगे कि कोई हमारा सहयोग करें न करे, साथ आए न आए उसका प्रयास करते हुए भी राष्ट्र की सेवा, आमजन की सेवा, उन्हें समुन्नत्त शिक्षित करते हुए देश को वैभव तक ले जाना है। स्वयंसेवक से जब आप राजनीति पर प्रश्न करेंगे तभी शायद कोई उत्तर मिलेगा और अनेक उत्तर भी नहीं देंगे। राजनीति हम पर इतना हावी है कि उसके बाहर हम सोचने और देखने की आसानी से कल्पना नहीं करते इसलिए यह चरित्र समझ में नहीं आता। प्रधानमंत्री मोदी ने इसलिए संघ के विविध कार्यों को भी फ्रिडमैन के माध्यम से दुनिया के समक्ष रख दिया है। अब विश्व समुदाय को महसूस होगा कि वाकई 100 वर्षों में इस संगठन ने मुख्यधारा के ध्यान से दूर रहकर अनुशासन और भक्ति के साथ स्वयं को देश सेवा, मानवता की सेवा में समर्पित किया है और इसी कारण आज विश्व में इससे बड़ा कोई संगठन नहीं और न इतने बड़े संगठन परिवार बनने की कोई सोच सकता है। उदाहरण के लिए उन्होंने संघ के अनुषांगिक संगठनों में सेवा भारती की चर्चा की जो 1 लाख 25 हजार सेवा परियोजनाएं बिना सरकारी सहायता केवल समाज की मदद से चला रहा है। यह उन झुग्गी - झोपड़ियों और बस्तियों में बच्चों को पढ़ाने, उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने, स्वच्छता के साथ अन्य प्रकार की मदद देने का काम करते हैं जहां सबसे गरीब लोग रहते हैं। दूसरे, वनवासियों के बीच संघ का बनवासी कल्याण आश्रम आज जंगलों में पूरा समय लगाकर जनजातियों की सेवा के काम करने में लगा है जो 70 हजार से ज्यादा एकल विद्यालय चलता है। उन्हें धन कैसे मिलता है तो प्रधानमंत्री के अनुसार अमेरिका के कुछ लोग 10 से 15 डॉलर दान देते हैं और उन्हें कहा जाता है कि एक कोका कोला नहीं पीयो उतना पैसा विद्यालय को दो और फिर एक महीने कोका कोला छोड़ दो और उस पैसे को एकल विद्यालय को दो। यह बाहर से समझ नहीं आएगा लेकिन जरा सोचिये कि इतनी संख्या में एकल शिक्षक इतने बच्चों को वर्षों से शिक्षित कर रहे हैं तो कितने छात्र इससे निकले होंगे और उन्हें किसी आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र के लिए काम करने की प्रेरणा मिलती है। इसी तरह स्वयंसेवकों ने शिक्षा में क्रांति के लिए विद्या भारती की स्थापना की जिसके इस समय लगभग 25 हजार विद्यालय हैं जिनमें 30 लाख से ज्यादा छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आसानी से कल्पना की जा सकती है कि इतने वर्षों में कितने करोड़ छात्र निकले होंगे और वहां से प्राप्त समग्र शिक्षा के साथ जीवन मूल्य ,कौशल आदि से वो समाज पर बोझ न बनाकर परिवार और राष्ट्र की सेवा का समन्वय बनाते हुए काम कर रहे होंगे। जानकारों को पता है कि समाज जीवन का कोई क्षेत्र नहीं जहां संघ सक्रिय नहीं है। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा कि वामपंथी विचारधाराओं ने दुनिया के मजदूर एक हो जाओ का नारा देते हुए बताया कि पहले आप एक हो जाओ और हम बाकी कुछ संभाल लेंगे। संघ प्रशिक्षित स्वयंसेवकों के मजदूर संघों का नारा दिया, 'मजदूर दुनिया को एक करो'। आप सोचिए जो लोग संघ को विभाजनकारी मानते हैं उसने इस छोटे से शब्द के द्वारा कितना बड़ा बदलाव सोच और व्यवहार में लाया होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

डॉकिंग
योगेश कुमार गोयल




# स्पैडेक्स मिशन की सफलता ने खोले अंतरिक्ष के नए द्वार

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट) मिशन के तहत अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक अनडॉक कर ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जो भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण यात्रा में कई आगामी अंतरिक्ष मिशनों को अंजाम देने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। इसरो द्वारा अनडॉकिंग प्रक्रिया के दौरान एक सटीक क्रम का पालन किया गया, जिसमें एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02 उपग्रहों का अलगाव सफलतापूर्वक पूरा हुआ। इस प्रक्रिया में पहले एसडीएक्स-02 का विस्तार किया गया, फिर कैप्चर लीवर-3 को योजनाबद्ध तरीके से रिलीज किया गया और अंततः एसडीएक्स-02 में कैप्चर लीवर का विघटन किया गया। इन तकनीकी चरणों के बाद दोनों उपग्रहों में डिकैप्चर कमांड जारी किया गया, जिससे वे स्वतंत्र रूप से अलग हो गए। भारत के अंतरिक्ष अभियानों के लिए यह एक बहुत बड़ी तकनीकी सफलता मानी जा रही है। अंतरिक्ष में उपग्रहों को एक साथ जोड़ने की प्रक्रिया को 'डॉकिंग' और अलग करने की प्रक्रिया को 'अनडॉकिंग' कहा जाता है। स्पैडेक्स मिशन में 'अनडॉकिंग' का अर्थ था अंतरिक्ष में डॉक किए जाने के बाद दो उपग्रहों, एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02 को अलग करना ताकि वे स्वतंत्र रूप से काम कर सकें। दो उपग्रहों की सफल अनडॉकिंग के साथ ही भारत के लिए चंद्रमा की खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे भविष्य के मिशनों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं। स्पैडेक्स उपग्रहों द्वारा अंतरिक्ष में अविश्वसनीय अनडॉकिंग को सफलतापूर्वक पूरा करने की प्रक्रिया के बाद भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान-4 और गगनयान सहित भविष्य के कई महत्वाकांक्षी मिशनों को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इससे पहले भारत कई प्रयासों के बाद 16 जनवरी को दोनों उपग्रहों (एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02) को सफलतापूर्वक 'डॉक' कराकर अंतरिक्ष क्षेत्र में एक लंबी छलांग लगाकर विश्व के चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया था। 30 दिसंबर 2024 को लांच किए गए 'स्पैडेक्स' मिशन का उद्देश्य भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए आवश्यक रेंडेजवस, डॉकिंग और अनडॉकिंग तकनीकों का प्रदर्शन करना था। जनवरी की शुरुआत में इस मिशन के तहत उपग्रहों को डॉकिंग से पहले 15 मीटर की दूरी से घटाकर तीन मीटर तक लाया गया था। उस सफलता के साथ ही अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की स्थिति मजबूत हो गई थी और वह अमेरिका, रूस तथा चीन जैसे देशों की कतार में शामिल हो गया था।

16 जनवरी 2025 को इसरो ने 'स्पैडेक्स' मिशन की शानदार सफलता के साथ अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया था। उस मिशन के तहत इसरो ने पहली बार अंतरिक्ष में दो उपग्रहों की सफलतापूर्वक डॉकिंग कराई थी, जिसके साथ ही भारत इस जटिल तकनीक में महारत हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया था। इससे पहले केवल अमेरिका, रूस और चीन ही इस तकनीक को सफलतापूर्वक अंजाम दे पाए थे। स्पैडेक्स मिशन की सफल डॉकिंग के बाद अब अनडॉकिंग की सफलता ने न केवल इसरो की तकनीकी क्षमता को पूरी दुनिया के समक्ष साबित किया है बल्कि भारत को अंतरिक्ष में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बहुत बड़ा महत्वपूर्ण कदम भी बढ़ाया है। इसरो के स्पैडेक्स मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष में दो उपग्रहों के बीच डॉकिंग और अनडॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन करना था, जो भविष्य के भारत के अंतरिक्ष अभियानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मिशन के तहत दो छोटे उपग्रहों एसडीएक्स-01 (चेजर) और एसडीएक्स-02 (टारगेट) को 30 दिसंबर 2024 को पीएसएलवी-सी60 रॉकेट के माध्यम से श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था और दोनों उपग्रहों को 475 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक गोलाकार कक्षा में स्थापित किया गया था। डॉकिंग प्रक्रिया के दौरान 16 जनवरी को चेजर उपग्रह ने टारगेट उपग्रह की पहचान की, उसका संरेखण किया और सफलतापूर्वक उससे जुड़ गया। इस प्रक्रिया में उन्नत सेंसर, एल्गोरिदम और एक्ट्यूएटर्स का उपयोग किया गया। डॉकिंग के बाद दोनों उपग्रहों का एकीकृत नियंत्रण सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जो इस तकनीक में भारत की महारत का प्रमाण था। भारत के लिए इस मिशन की सफलता बेहद महत्वपूर्ण इसीलिए है क्योंकि अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' की प्रक्रिया बेहद जटिल होती है और इसके लिए उच्च स्तरीय सटीकता की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार तथा सामरिक मामलों के विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जन्म से प्रारंभ व मृत्यु के साथ समाप्त होती है यात्रा



संकलित
दर्शन

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है।

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पग-पग पर आज व्यसनों का बाजार लगा

जो पुरुषार्थ करते हैं, उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषार्थ ही काम आता है। फिर वह पुरुषार्थ चाहे अर्थ का हो या धर्म का। पुरुषार्थ, पुरुषार्थ होता है। वर्तमान युग में व्यसनों के चक्र से बचने वाले को भी पुरुषार्थी समझना चाहिए। पग-पग पर आज व्यसनों का बाजार लगा है। इस बाजार की हवा से आप दूर रहें, यह आपके पुरुषार्थ से ही संभव है। व्यसनों से बचकर चलने वालों के साथ समृद्धि चलती है। जो व्यसन के जाल में फंस गया, वह दरिद्रता को आमंत्रण देता है। सज्जन व्यक्ति व्यसनग्रस्त लोगों से व्यसन त्यागने के लिए उन्हें प्रेरित करके उनका कल्याण चाहता है। सरकार भी चाहती है कि समाज व्यसनों से मुक्त बने। *-कांतिलाल मांडोत*

## ट्रेंड

### गायत्री स्पिवक को बधाई



मैं प्रोफेसर गायत्री चक्रवर्ती स्पिवक को मानविकी और सामाजिक विज्ञान में सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों में से एक 'होलबर्ग प्राइज- 2025' के लिए चुने जाने पर बधाई देती हूं। मैं गांवों में गरीब-हितैषी स्वैच्छिक सेवाओं के साथ स्पिवक के जुड़ाव से प्रभावित हूं। **-ममता बनर्जी, सीएम**

### रेटिना स्कैन सही नहीं



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से संबंधित एक व्यवस्था के तहत महिलाओं को रेटिना स्कैन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करानी होगी और ऐसे में उन्हें घूंघट हटाना पड़ेगा जो स्थानीय संस्कृति पर हमला है। **- राजकुमार रोत, सांसद**

### पर्रिकर को श्रद्धांजलि



पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री व गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर की पुण्यतिथि पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि पर्रिकर को उनकी प्रशासनिक कुशलता के लिए हमेशा याद किया जाएगा। **-प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा**

### भारत का लक्ष्य महत्वाकांक्षी



भारत ने 2070 तक शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है, लेकिन इसके लिए और अधिक महत्वाकांक्षी होने की आवश्यकता है। भारत को अपने शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में अन्य देशों के साथ तालमेल बिठाना चाहिए। **-हेलेन क्लार्कसन, क्लाइमेट ग्रुप प्रमुख**

## करंट अफेयर

### न्यूयार्क में भारतीय मूल की चार महिलाएं सम्मानित



न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन' (एफआईए) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय मूल की चार प्रतिष्ठित महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। सम्मानित की गई महिलाओं में 'जे.पी. मॉर्गन' में सलाहकार और विलय एवं अधिग्रहण की वैश्विक प्रमुख अनु अयंगर, 'ए-सीरीज मैनेजमेंट एंड इन्वेस्टमेंट्स' की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं संस्थापक अंजुला अचारिया, 'एलडीपी वेंचर्स' की सीईओ एवं संस्थापक तथा 'विमेंस एंटरप्रेन्योरशिप डे ऑर्गेनाइजेशन' की संस्थापक वेंडी डायमंड और सीएनबीसी की पत्रकार एवं प्रस्तोता सीमा मोदी शामिल हैं। न्यूयॉर्क में पिछले सप्ताह सातवें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा इन्हें सम्मान दिया गया। एफएआई द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं और इस कार्यक्रम में 'अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए इन महिलाओं को सम्मानित किया गया।'

## ऑफ बीट

### डिमेंशिया जिसका कोई इलाज अब तक नहीं



पैंसठ वर्ष की एक महिला अपनी कमजोर होती याददाश्त के लिए बार-बार इलाज कराती हैं। पहले तो उन्हें बताया गया कि इसमें चिंता की कोई बात नहीं है, फिर एक साल बाद कहा गया कि यह 'सामान्य रूप से बुढ़ापा है।' आख़िरकार, समझ में आया: 'यह अल्जाइमर है जिसका कोई इलाज नहीं है।' इस तरह के परिदृश्य बहुत आम हैं। काफी हद तक डिमेंशिया का पता नहीं चल पाता है, कनाडा जैसे उच्च आय वाले देशों में भी, जहां पता न चलने वाले मामलों की दर 60 प्रतिशत से अधिक है। मान्यता है कि बुजुर्गों में संज्ञानात्मक हानि सामान्य है और चिकित्सकों में डिमेंशिया के लक्षणों और जांच मानदंडों को लेकर ज्ञान की कमी को इसकी शुरुआत में पहचान नहीं होना और देर से पता चलने के मुख्य कारण के तौर पर पहचाना गया है। आयु से संबंधित स्मृतिलोप को केवल सामान्य उम्र बढ़ने का हिस्सा मानकर अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। कभी-कभी यह भूल जाना कि हमने कार कहां खड़ी की थी या हमने अपनी चाबी कहां छोड़ी थी, ऐसा हर किसी के साथ हो सकता है, लेकिन जब ऐसी स्थितियां बार-बार होने लगती हैं तो चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी होता है। कई व्यक्तियों की सोचने और जानकारी याद रखने की क्षमता में हल्के बदलाव का अनुभव करने से डिमेंशिया नहीं होगा।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

डुप्लीकेट वोटर आईडी पर चर्चा नहीं होने से बढ़ी नाराजगी

# विपक्ष ने राज्यसभा से किया वॉकआउट, कांग्रेस बोली- रेलवे 'वेंटिलेटर' पर, रील से नहीं सुधरेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बजट सत्र के चौथे दिन सोमवार को तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों के 10 सांसदों ने मांग की कि सदन की दिनभर की कार्यवाही रोकी जाए और डुप्लीकेट वोटर आईडी पर चर्चा की जाए। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने इससे इनकार कर दिया। इसके विरोध में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने राज्यसभा से वॉकआउट किया। लोकसभा में महाराष्ट्र से कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने लोकसभा में रेल मंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब कोई सार्वजनिक उपक्रम वेंटिलेटर पर हो, तब इंस्टाग्राम रील बनाने से कुछ नहीं होता। यह सरकार के खराब प्रबंधन का असर है।

वर्षा गायकवाड़ अनुदान की मांगों पर चर्चा में हिस्सा ले रही थीं। उन्होंने ये भी कहा कि दावा किया जाता है कि रेल बजट में अभूतपूर्व बदलाव किए गए, जबकि ये गलत है। सच ये है कि ये फेल बजट है। मौजूदा सरकार यही नैरेटिव बनाने की कोशिश करती है कि हर विकास 2014 के बाद हुआ। जबकि तथ्य ये हैं कि पब्लिक सेक्टर के उपक्रम खराब स्थिति में हैं। इधर, दोनों पार्टियों के सांसद डुप्लीकेट वोटर आईडी पर चर्चा की मांग कर रहे थे।

> रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में रेल मंत्रालय के अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि भारत में रेल भाड़ा सभी पड़ोसी देशों में सबसे कम है। विकसित देशों में तो 10 गुना किराया लिया जाता है। इस वर्ष 31 मार्च तक भारतीय रेलवे वर्ल्ड टॉप 3 देश में शामिल होगा।

## सांसद गायकवाड़ ने अनुदान की मांगों पर चर्चा के दौरान उठाया मुद्दा



### यात्रियों को किराए में 47 फीसदी की छूट देता है रेलवे



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में रेल मंत्रालय के अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि रेल से एक यात्री को एक किमी लेकर जाने की लागत है 1.38 रुपए। हम किराया लेते हैं 73 पैसे यानि करीब 47% का डिस्काउंट। ये सालाना करीब 60,000 करोड़ रुपए बैठता है। भारत में रेल भाड़ा सभी पड़ोसी देशों में सबसे कम है। विकसित देशों में तो 10 गुना किराया लिया जाता है। इस वर्ष 31 मार्च तक भारतीय रेलवे वर्ल्ड टॉप 3 देश में शामिल होगा। चीन, अमेरिका और भारत, ये तीन देश इस बार टॉप 10 में शामिल होंगे।

### लोकसभा में उठा रेल टिकट का मुद्दा

टीएमसी की सांसद ने रेल टिकट का मुद्दा उठाया और कहा कि सरकार टिकट रद्द होने से करोड़ों रुपए की कमाई कर रही है, लेकिन यात्री ट्रेनों में सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। उन्होंने वंदे भारत ट्रेन की तुलना बिरयानी से की और कहा कि देश में जिन लोगों को दाल भात खाने को नहीं मिल रहा है, उनके लिए वंदे भारत बिरयानी जैसी है, जिसे खाना गरीब लोगों के बस की बात नहीं है।

### सत्र के पिछले तीन दिन हंगामेदार रहे

बजट सत्र के दूसरे फेज के तीनों दिन (10, 11, 12 मार्च) डीएमके सांसदों ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) और ट्राई-लैंग्वेज को लेकर खूब हो-हल्ला किया। कांग्रेस ने गुजरात में भारत-पाक बॉर्डर पर अडाणी ग्रुप के रिन्युएबल एनर्जी प्रोजेक्ट को मंजूरी दिए जाने पर सवाल उठाया था।

### सरकारी छात्रवृत्ति वर्तमान में खर्च के लिए पर्याप्त नहीं

संसद की एक स्थायी समिति ने कहा है कि शिक्षा के लिए दी जाने वाली वार्षिक छात्रवृत्ति वर्तमान समय के खर्च को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है और ऐसे में महंगाई के मद्देनजर समय-समय पर इसकी समीक्षा की जानी चाहिए। वर्ष 2025-26 के लिए अनुदान की मांगों पर अपनी नवीनतम रिपोर्ट में सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग से शिक्षा मंत्रालय और अन्य हितधारकों के सहयोग से छात्रवृत्ति राशि की समीक्षा करने का आग्रह किया है।

## बहुजन समाज से जो भी पार्टी हित में काम करेगा, उसे आगे बढ़ाया जाएगा : मायावती

- रिश्ते-नाते, भाई बहन उनके लिए महज बहुजन समाज के लोगों के बराबर ही

लखनऊ (भाषा)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि उनके लिए रिश्ते-नाते, भाई-बहन उनके लिए महज बहुजन समाज के लोगों के बराबर ही हैं। मायावती ने कहा कि इसके अलावा बहुजन समाज से जो भी पार्टी हित में काम करेगा, उसे पार्टी में आगे बढ़ाया जाएगा और इस पर उनके रिश्ते-नाते आड़े नहीं आएंगे। बसपा सुप्रीमो ने राजधानी में सोमवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दौरान उन्होंने सामाजिक परिवर्तन और जातिवादी मानसिकता से हटकर बहुजन समाज को सम्मान दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि होली सहित अन्य विभिन्न त्योहारों के बीच इस बार कांशीराम जी की जयंती जिस अति उत्साह और जोश के साथ मनाकर उनके अनुयायियों ने अपनी पार्टी को हर स्तर पर मजबूत बनाने का जो संकल्प लिया है, उसने पार्टी को मजबूती देने के लिए उनकी हिम्मत और हौसले को कई गुना बढ़ा दिया है। मायावती ने कहा, '' मैं हमेशा की तरह, आगे भी अपने जीते-जी अपने व्यक्तिगत तथा भाई-बहिन व अन्य रिश्ते-नातों आदि के स्वार्थ में कभी भी खुद को कमजोर नहीं पड़ने दूंगी।'

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/BSO/694+695

हमकि (1) बिजेन्द्र (2) कृष्ण (3) श्रीऔम (4) रोहतास पुत्रान चन्दन पुत्र सीसराम व (5) कंवर सिहं पुत्र सीसराम पुत्र मीर सिहं व (6) राकेश (7) नरेश कुमार (8) रामनिवास पुत्रान कंवर सिहं पुत्र सीसराम, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23 व इंतकाल न0 3553 त0म0 के अनुसार अराजी खेवट न0 183मिन/130, खाता न0 189 मिन, मु0 न0 49, किला न0 22/2(3–18), मु0 न0 55, किला न0 2/1(6–19), 3/1(5–13), किते 3, तादादी रकबा 16 कनाल 10 मरले सालम भाग (जिसमें बिजेन्द्र – कृष्ण – श्रीऔम – रोहतास हर चार समभाग) व खेवट न0 199/142, खाता न0 205, मु0 न0 49, किला न0 26(0–16), मु0 न0 55, किला न0 2/2(0–8), किते 2, तादादी रकबा 1 कनाल 4 मरले का 2/9 भाग, बकदर 0 कनाल 5.33 मरले (जिसमें बिजेन्द्र – कृष्ण – श्रीऔम – रोहतास हर चार समभाग 1/9 भाग व राकेश – नरेश कुमार – रामनिवास हर तीन समभाग 1/9 भाग) व खेवट न0 546/411मिन, खाता न0 570, मु0 न0 55, किला न0 3/2/2(0–16), 8/1(0–12), 13/2/1(7–4), किते 3, तादादी रकबा 8 कनाल 12 मरले सालम भाग (जिसमें कंवर सिहं मालिक व काबिज है) व खेवट न0 561/412, खाता न0 585, मु0 न0 55, किला न0 8/2 (7–8), 13/1(0–12), किते 2, तादादी रकबा 8 कनाल 0 मरला सालम भाग (जिसमें राकेश – नरेश कुमार – रामनिवास हर तीन समभाग), उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 33 कनाल 7.33 मरले (4.1708125 एकड़) वाका रकबा मौजा दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 33 कनाल 7.33 मरले (4.1708125 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 17.03.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## धार्मिक स्थल पर चप्पल पहने सिगरेट पी रहे थे

# वडोदरा में चार विदेशी छात्रों पर किया जानलेवा हमला

एजेंसी ▶▶ वडोदरा

वडोदरा की पारुल यूनिवर्सिटी के चार विदेशी स्टूडेंट्स के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। लिमडा गांव में झील के पास घूमने छात्र धार्मिक स्थल पर चप्पल पहनकर बैठे सिगरेट पी रहे थे। तभी ग्रामीणों से उनकी झड़प हो गई। फिर डंडे, लाठी-डंडे लेकर लोग आ गए और पिटाई कर दी। जिसमें एक छात्र के गंभीर चोटें आई हैं। चारों का इलाज चल रहा है। मामल तीन दिन पुराना है शनिवार को पुलिस ने मामला भी दर्ज कर लिया था। लेकिन, रविवार को वीडियो वायरल होने के बाद आरोपियों की पहचान हो सकी। वाघोडिया पुलिस ने इस मामले में 10 हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर 2 नाबालिगों समेत 7 को गिरफ्तार कर लिया है। वडोदरा के वाघोडिया के लिमडा गांव में स्थित पारुल विश्वविद्यालय के छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाले चार छात्रों में से एक थाईलैंड का मूल निवासी सुफाय कंगवान रट्टन बीसीए सेकेंड ईयर, दक्षिण सूडान के निवासी ओडवा एंड्रयू अब्बास आंद्रे वाटारी पेट्रोलियम इंजीनियरिंग के फर्स्ट ईयर, मोजाम्बिक आदि के मूल निवासी हैं। तांगे इवेनिलसन थॉमल पेट्रोलियम इंजीनियरिंग के फर्स्ट ईयर और ब्रिटेन के मूल निवासी मोहम्मद अली खलीफ खलीफ मोहम्मद हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट हैं।

### 10 के खिलाफ मामला दर्ज 7 को किया गिरफ्तार



## औरंगजेब की कब्र पर विवाद, नागपुर में पथराव और आगजनी

- वीएचपी ने औरंगजेब का पुतला फूंका, इसके बाद भड़की हिंसा, गाड़ियों में तोड़फोड़, डीसीपी समेत कई घायल, सीएम ने की शांति की अपील

नागपुर (एजेंसी)। औरंगजेब की कब्र विवाद को लेकर महाराष्ट्र के नागपुर के महाल इलाके में सोमवार शाम दो पक्षों में हिंसा हो गई। विश्व हिंदू परिषद ने औरंगजेब का पुतला फूंका था, इसके बाद हिंसा भड़क गई। अधिकारियों ने बताया- अफवाह फैली कि प्रदर्शनकारियों ने पुतले के साथ एक धार्मिक पुस्तक जलाई है। इससे दो पक्षों में पथराव हुआ। कई गाड़ियों में तोड़फोड़ हुई। दो जेसीबी में आग लगाई गई। पुलिस ने बवाल कर रहे लोगों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े हैं। घटना में डीसीपी, पुलिसकर्मी समेत चार लोग घायल हुए हैं। फिलहाल इलाके में शांति है। भारी पुलिस बल तैनात है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोगों से प्रशासन का पूरा सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा- हम लगातार पुलिस-प्रशासन के संपर्क में हैं। नागपुर एक शांतिपूर्ण शहर है। किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें। नागपुर डीसीपी अर्चित चांडक ने कहा- गलतफहमी के कारण यह घटना हुई है। स्थिति कंट्रोल में है। सभी से अपील है कि बाहर न निकलें।

### डिमांड नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनैंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, डिमांड नोटिस की तिथि के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

| कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री साहिल, श्री नरेश, श्रीमती सुनील (प्रोस्पेक्ट नं. IL10413263) | 12/03/2025, रु. 788635/- (रुपये सात लाख अठासी हजार छह सौ पैंतीस केवल) | सम्पत्ति जिसका प्लॉट नं. 31, सम्पत्ति जो खेवट नं. 364 मिन, खाता नं. 379 मिन मुस्ततिल और किल्ला नं. 74//17/1(4-4), 18/1/1(0-11) जो गांव भालोट जिला व तहसील रोहतक, हरियाणा-124001 में स्थित है, के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 3078.00, 1785.00, 1517.30 |
| श्री सुरेश कुमार जोगी कैटरर्स, श्रीमती किरण देवी, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10421581) | 12/03/2025, रु. 1103188/- (रुपये ग्यारह लाख तीन हजार एक सौ अठासी केवल) | सम्पत्ति जिसका प्रोपर्टी यूआईडी नं. 58580E0100000R0221A, जो गांव खेड़ा तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136118 में स्थित है, के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 3250.00, 1970.00, 1576.00. |
| श्री जसविंदर, श्री रमेश कुमार, श्रीमती अमरजीत कौर, जसविंदर डेयरी, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10364029) | 12/03/2025 रु. 681044/- (रुपये छह लाख इक्यासी हजार चवालीस केवल) | सम्पत्ति जो खेवट सं. 6/2, खतौनी सं. 8 जो खसरा नं. 54(1-11), एचबी 51 जो गांव मईयापुर डाकखाना माछरौली, तहसील बिलासपुर, जिला यमुनानगर, हरियाणा-135102 में स्थित है, के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 603.00, 500.00, 375.00 |
| श्री राकेश कुमार, श्रीमती सुनीता देवी, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10479189) | 12/03/2025, रु. 1100947/- (रुपये ग्यारह लाख नौ सौ सैंतालीस केवल) | सम्पत्ति जो प्लॉट/मकान/दुकान जिसका एलजीडी 6070500063 और यूआईडी सं. 60705NURM1S00RR063A जो शेरपुरा के लालडोरा में तहसील नाथसरी चौपटा, जिला सिरसा हरियाणा-125110 में स्थित है, के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 3457.00, 2965.00, 2372.00 |
| श्री जय कुमार, श्री मलकित सिंह, श्रीमती करनैलो, श्रीमती रजनी देवी, रजनी डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10427060) | 12/03/2025, रु. 737927/- (रुपये सात लाख सैंतीस हजार नौ सौ सताईस केवल) | सम्पत्ति जिसका प्रोपर्टी यूआईडी नं. 58125SB2S2000R0185A, जो गांव रामगढ़ माजरा तहसील बिलासपुर, जिला यमुनानगर, हरियाणा-123206 के लालडोरा में स्थित है, के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 464.00, 464.00, 371.00. |
| श्री सूरज कुमार, श्रीमती आशा देवी, सूरज ट्रेडिंग कम्पनी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10494120) | 12/03/2025, रु. 884332/- (रुपये आठ लाख चौरासी हजार तीन सौ बत्तीस केवल) | सम्पत्ति जो खेवट सं. 360 से 362, खाता नं. 440 से 442 का एक भाग है और गांव गोबिन्दपुरा, तहसील व जिला जीन्द, हरियाणा-126102 में स्थित है, के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 900.00, 1254.00, 1003.00. |
| श्री बलजिन्दर सिंह श्रीमती बलजीत, बलजिन्दर ट्रक ऑनर (प्रोस्पेक्ट नं. IL10567256) | 13/03/2025, रु. 911438/- (रुपये नौ लाख ग्यारह हजार चार सौ अड़तीस केवल) | सम्पत्ति जिसका प्लॉट/मकान यूआईडी नं. 58399000000046RL186A, जो गांव तलहेड़ी तहसील पेहोवा, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136128 के लालडोरा में स्थित है, के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 7306.00, 7485.00, 5988.00. |
| श्री इस्लाम, श्री युनस अली, श्रीमती भूरो, भूरो कैटल डेयरी, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10579424) | 13/03/2025, रु. 768877/- (रुपये सात लाख अड़सठ हजार आठ सौ सतहत्तर केवल) | सम्पत्ति जो खेवट सं. 122 (पुराना 112), खतौनी सं. 153, खसरा नं. 7//12/1, क्षेत्रफल 3267 वर्ग फुट, गांव रतौली, तहसील सढ़ौरा, जिला यमुनानगर, हरियाणा-133204 के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 3267.00, 1646.00, 1316.00 |
| श्री बलराज, श्रीमती नीलम, बलराज डेयरी, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10662781) | 13/03/2025, रु. 588626/- (रुपये पांच लाख अठासी हजार छह सौ छब्बीस केवल) | सम्पत्ति जो खेवट सं. 434 का एक भाग, खतौनी नं. 536 जो गांव पेगां तहसील अलेवा, जिला जीन्द हरियाणा-136111 में स्थित है, के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2376.00, 1171.00, 936.00. |
| श्री राकेश, श्रीमती प्रियंका, राकेश मिल्क डेयरी, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10719962) | 13/03/2025, रु. 579374/- (रुपये पांच लाख उनासी हजार तीन सौ चौहत्तर केवल) | सम्पत्ति खेवट सं. 570 का एक भाग, खतौनी नं. 646 जो गांव काकरौद तहसील उचाना, जिला जीन्द हरियाणा-126115 में स्थित है, के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 3600.00, 2303.00, 1846.00. |
| श्री दिनेश, श्रीमती सुदेश, दिनेश मिल्क डेयरी, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10733215) | 13/03/2025, रु. 1011692/- (रुपये दस लाख ग्यारह हजार छह सौ बानवे केवल) | सम्पत्ति प्लॉट/मकान एलजीडी आईडी सं. 611670327 जो गांव देवसर तहसील व जिला भिवानी, हरियाणा-127021 के लाल डोरा में स्थित है, के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 864.00, 1024.00, 819.00. |
| श्रीमती ममता देवी, श्री बलबीर सिंह, बलबीर टी स्टॉल, ममता जनरल स्टोर, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10763973) | 12/03/2025, रु. 598957/- (रुपये पांच लाख अठानवे हजार नौ सौ सतावन केवल) | सम्पत्ति जो खेवट सं. 22 का एक भाग है, खतौनी नं. 28, खसरा नं. 70 जो गांव कपूरी काला, तहसील बिलासपुर, जिला जीन्द यमुनानगर-135103 में स्थित है, के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 945.00, 688.00, 550.00 |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : करनाल एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा 132001 / 1176/3, प्रथम तल, नवल सिनेमा के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत-132103 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।


स्थान : हरियाणा दिनांक : 18.03.2025 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

सुप्रीम कोर्ट बोला-हाईकोर्ट जाएं

# सीबीआई पर सवाल, रेप मर्डर केस की सही जांच नहीं की

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पीड़ित के पेरेंट्स को कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की अनुमति दे दी। परिवार की मांग है कि, इस मामले में सीबीआई ने सही से जांच नहीं की। याचिका में मुख्य आरोपी संजय रॉय के अलावा अन्य आरोपियों के शामिल होने का पता लगाने के लिए आगे की जांच की मांग की गई। पीड़ित के पिता ने कहा, हमने हाईकोर्ट में याचिका दायर करके 54 सवाल पूछे हैं। अदालत को उन सवालों के जवाब देने हैं ताकि मेरी बेटी को न्याय मिले। मेरी बेटी के रेप और मर्डर में कई लोग शामिल हैं। और सबूतों से छेड़छाड़ में कई लोग शामिल हैं। पुलिस ने जांच के लिए डॉग स्क्वॉड को बुलाया था, लेकिन हमें अभी तक इसकी कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।



## प्रोफेसर पर 30 छात्राओं के यौन शोषण का आरोप

हाथरस। उप्र के हाथरस में बागला डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर पर 30 से ज्यादा छात्राओं के यौन शोषण का आरोप है। उसके मोबाइल से पांच दर्जन अश्लील वीडियो मिले हैं। ज्यादातर वीडियो कॉलेज की छात्राओं के हैं। प्रोफेसर ने छात्राओं के कई वीडियो पोर्न साइट पर भी अपलोड किए हैं। एक छात्रा के महिला आयोग को लिखे गए लेटर से मामले का खुलासा हुआ।पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी प्रोफेसर फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें बनाई गई हैं।

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में सीसीटीवी कैमरा, पीओई स्विच कैट-6 केबल रोल, स्विच रैक की आपूर्ति। | 15.03.2025 07.04.2025 | 3500/- | https://mdu.ac.in | 1262293035 dir.ucc@mdu.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में अतिरिक्त अथवा अल्टरनेट 500 एमबीपीएस 1 आईएस से 1 बैंड विड्थ 16 पब्लिक आईपी के साथ की आपूर्ति। | 15.03.2025 08.04.2025 | 4500/- | https://mdu.ac.in | 1262293035 dir.ucc@mdu.ac.in |
| 3 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में सीसीटीवी कैमरा, पीओई स्विच कैट-6 केबल रोल, स्विच रैक, पैच पैनल, 10 सैट की आपूर्ति। | 15.03.2025 10.04.2025 | 4000/- | https://mdu.ac.in | 1262293035 dir.ucc@mdu.ac.in |
| 4 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | 80 टीबी सैन स्टोरेज और 2 सैन स्विचेज 5 वर्षों की गारंटी के साथ की आपूर्ति। | 15.03.2025 15.04.2025 | 1.90 लाख | https://mdu.ac.in | 1262293035 dir.ucc@mdu.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/80/32899/I/88/6 दि. 17.03.25

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | टीआरडब्ल्यू धुलकोट अम्बाला (पैकेज-ए) और टीआरडब्ल्यू कैथल (पैकेज-बी) (धुलकोट) में केवीए रेटिंग 2563 और 100 के क्षतिग्रस्त वितरण ट्रांसफॉर्मर्स एल्यूमीनियम वुंड डिफैक्टिव की मरम्मत। | 14.03.2025 03.04.2025 | 2 लाख | https://etenders.hry.nic.inWS-1063 TenderID:2025_HBC_433390_1DATED: 13.03.2025 | 9992009414 sestores@uhbvn.org.in |
| 2 | यूएचबीवीएन | यूएचबीवीएन और डीएचबीवीएन (धुलकोट) हेतु 12.5 एमवीए, 10 एमवीए, 8 एमवीए, 6.3/8 एमवीए, 6.3 एमवीए क्षमता वाले क्षतिग्रस्त कॉपर वुंड पावर ट्रांसफॉर्मर्स की मरम्मत। | 14.03.2025 08.04.2025 | 2 लाख | https://etenders.hry.nic.inWS-1064 TenderID:2025_HBC_433536_1DATED: 13.03.2025 | 9992009414 sestores@uhbvn.org.in |
| 3 | यूएचबीवीएन | डिविजनल स्टोर यूएचबीवीएन, गोहाना (सोनीपत) के परिसर में बहुमंजिला कार्यालय भवन का निर्माण। | बंद होने की तिथि 24.03.2025 | 4.37 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in TENDERNO-66/CCR/2024-25 | 9991480086 xencivluhbvnrohtak@gmail.com |
| 4 | यूएचबीवीएन | एक्सईएन / एम एंड पी डिवीजन, यूएचबीवीएन, सोनीपत में 2 वर्षों के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से 1 अदद वाहन (जीप/बोलेरो) की आपूर्ति की आवश्यकता है। | बंद होने की तिथि 28.03.2025 | 6000/- प्रति वाहन एसबीए-16 केवल | www.uhbvn.org.in NIT-01/M&P/SNP/2025 | 9671433750 xenmnpsonepat@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/80/32902/I/88/6 दि. 17.03.25

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | गांव अकबरपुर, जिला यमुनानगर में सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र के साथ-साथ आवासीय एक्मॉडेशन के शेष कार्य का निर्माण। | 15.03.2025 24.03.2025 | 328.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | गांव गोरखपुर जिला फतेहाबाद में राजकीय पशु चिकित्सा हॉस्पीटल का निर्माण। | 13.03.2025 27.03.2025 | 33.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | जिला फतेहाबाद में अतिरिक्त जिला और सेक्शन जज हेतु लघु सचिवालय परिसर फतेहाबाद में दो ज्यूडिशियल हाउसेज का निर्माण। | 13.03.2025 03.04.2025 | 224.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 4 | महानिदेशक पशुपालन और डेयरिंग पंचकूला | राज्य पशु धन शो 2025 का आयोजन। | 13.03.2025 20.03.2025 | ईएमडी 2,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416157873 dg.ahd@hry.nic.in |
| 5 | हरियाणा पुलिस | हरियाणा पुलिस हेतु 75 अदद 5.56 ×45 एमएम कार्बन सीक्यूबी की खरीद हेतु पुनः निविदा। | 13.03.2025 24.03.2025 | 77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7814330006 kamaldeepips@gmail.com |
| 6 | हरियाणा पुलिस | हरियाणा पुलिस हेतु 100 अदद 9 एमएम पिस्टल की खरीद हेतु पुनः निविदा। | 13.03.2025 24.03.2025 | 80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7814330006 kamaldeepips@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2025/120/32907/I/88/6 दि. 17.03.25

GST NO. 06AABAT0573H1ZM PH.01252-258737
THE LOHARU CO-OP MARKETING SOCIETY L.T.D. LOHARU
ANAJ MANDI LOHARU, LOHARU, DISTT. BHIWANI (HRY.)

### सूचना

दी लोहारू सहकारी विपणन समिति लि., लोहारू रबी 2025-26 की फसल PSS के अंतर्गत समिति को सरसों की खरीद लोहारू, ढिगावा, बहल व जूई मंडी में सरकारी आदेशानुसार करनी हैं। उसके लिए समिति को लेबर समिति या लेबर ठेकेदार की आवश्यकता हैं। इच्छुक लेबर समिति या लेबर ठेकेदार जो हैंडलिंग का कार्य करना चाहता हैं वह समिति कार्यालय अनाज मंडी लोहारू दोपहर 12:00 बजे तक दिनांकः 19.03.2025 से 25.03.2025 तक अपना आवेदन दे सकता हैं। नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस को समिति के कार्यालय में देख सकता है। लेबर समिति का कार्य करने को प्राथमिकता दी जाएगी।

SD/-MANAGER
THE LOHARU CO-OP MARKETING
SOCIETY L.T.D. LOHARU

## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

### घोषणा

माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में संगीत-(वोकल) (विज्ञापन सं. 58/2024) विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के पदों हेतु जो उम्मीदवार आवेदन कर चुके हैं, उनकी सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने उक्त पदों हेतु कौशल परीक्षा 06.04.2025 से 10.04.2025 को हरियाणा लोक सेवा आयोग, सेक्टर-4, पंचकूला में आयोजित करने का निर्णय लिया है। कौशल परीक्षा के लिए मानदंड निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | विवरण | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1. | उम्मीदवार की च्वाइस के अनुरूप परफार्मेंस | 25 |
| 2. | एक्सपर्ट च्वाइस के अनुरूप परफार्मेंस | 25 |
| | कुल | 50 |

टिप्पणी :-
1. उम्मीदवारों को पूर्वा. 8.30 बजे उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।
2. उम्मीदवार को विषय ज्ञान परीक्षा के लिए क्वालीफाइ करने के लिए 50 में से न्यूनतम 25 अंक प्राप्त करने होंगे।
3. हारमोनियम, तबला, सितार और इलैक्ट्रोनिक तानपुरा कौशल परीक्षा के दौरान आयोग द्वारा प्रदान किए जाएंगे।
4. एक तबला वादक आयोग द्वारा उपलब्ध भी करवाया जाएगा। उम्मीदवार को अपने साथ कोई अन्य साथी लाने की अनुमति नहीं है।
5. प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए लिंक यथा समय उपलब्ध करवाया जाएगा।

हस्ता/- उप सचिव
दिनांक : 17.03.2025 हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

### घोषणा

माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में संगीत-(इंस्ट्रयूमेंटल) (विज्ञापन सं. 57/2024) विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के पदों हेतु जो उम्मीदवार आवेदन कर चुके है, उनकी सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने उक्त पदों हेतु कौशल परीक्षा 06.04.2025 से 10.04.2025 को हरियाणा लोक सेवा आयोग, सेक्टर-4, पंचकूला में आयोजित करने का निर्णय लिया है। कौशल परीक्षा के लिए मानदंड निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | विवरण | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1. | उम्मीदवार की च्वाइस के अनुरूप परफार्मेंस | 25 |
| 2. | एक्सपर्ट च्वाइस के अनुरूप परफार्मेंस | 25 |
| | कुल | 50 |

टिप्पणी :-
1. उम्मीदवारों को पूर्वा. 8.30 बजे उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।
2. उम्मीदवार को विषय ज्ञान परीक्षा के लिए क्वालीफाइ करने के लिए 50 में से न्यूनतम 25 अंक प्राप्त करने होंगे।
3. हारमोनियम, तबला, सितार और इलैक्ट्रोनिक तानपुरा कौशल परीक्षा के दौरान आयोग द्वारा प्रदान किए जाएंगे।
4. एक तबला वादक आयोग द्वारा उपलब्ध भी करवाया जाएगा। उम्मीदवार को अपने साथ कोई अन्य साथी लाने की अनुमति नहीं है।
5. प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए लिंक यथा समय उपलब्ध करवाया जाएगा।

हस्ता/- उप सचिव
दिनांक : 17.03.2025 हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

### घोषणा

माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में असिस्टेंट प्रोफैसर फाइन आर्ट्स विषय में (विज्ञापन सं. 50/2024) के पदों हेतु जो उम्मीदवार आवेदन कर चुके हैं उन उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने उक्त पदों हेतु कौशल परीक्षा 04.04.2025 को हरियाणा लोक सेवा आयोग, सेक्टर-4, पंचकूला में आयोजित करने का निर्णय लिया है। कौशल परीक्षा के लिए मानदंड निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | विवरण | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1. | कम्पोजिशन | 25 |
| 2. | ड्रॉईंग | 25 |
| | कुल | 50 |

टिप्पणी :-
1. उम्मीदवारों को पूर्वा. 8.30 बजे उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।
2. अधिकतम अंक : 50
3. अधिकतम समय : 3 घंटे
4. शीट साइज : हाफ इम्पिरियल
5. शीट टाइप : कार्ट्रिज (200-250 जीएसएम)
6. मीडियम : वाटर बेस्ड कलर्स
7. केवल एक ड्रॉईंग शीट आयोग द्वारा प्रदान की जाएगी। उम्मीदवार को अपनी स्वयं की शीट लाने की अनुमति नहीं है। कोई अतिरिक्त शीट प्रदान नहीं की जाएगी।
8. उम्मीदवार को अपनी स्वयं की कला सामग्री जैसे कलर्स, ब्रशेज, पेन्सिल्स और ड्रॉईंग बोर्ड लाने होंगे।
9. आयोग द्वारा मौके पर केवल एक टॉपिक दिया जाएगा।
10. उम्मीदवार को विषय ज्ञान परीक्षा को क्वालीफाइ करने के लिए 50 में से न्यूनतम 25 अंक प्राप्त करने होंगे।
11. प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए लिंक यथा समय उपलब्ध करवाया जाएगा।

हस्ता/- उप सचिव
दिनांक : 17.03.2025 हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला
संवाद-1156/13/308/2025/32910/88/6 दि. 17.03.25

**राजनाथ सिंह से तुलसी गबार्ड ने की मुलाकात**

# रक्षा सहयोग को देंगे बढ़ावा, खुफिया जानकारी करेंगे साझा, भारत ने अमेरिका से खालिस्तानी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' पर की कड़ी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस (डीएनआई) तुलसी गबार्ड ने अपनी भारत यात्रा के दौरान सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों और खुफिया जानकारी साझा करने पर चर्चा की। बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मिलकर खुशी हुई। हमने भारत-अमेरिका साझेदारी को और गहरा करने के उद्देश्य से रक्षा और सूचना साझा करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। बता दें, गबार्ड भारत की ढाई दिन की यात्रा पर रविवार तड़के राष्ट्रीय राजधानी आईं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के किसी शीर्ष अधिकारी की भारत की यह पहली उच्चस्तरीय यात्रा है।

**भारत-अमेरिका साझेदारी को और गहरा करेंगे**

**सुरक्षा क्षेत्र में मिलकर काम करने पर दोनों देश सहमत**

### सामरिक संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे



मुलाकात के दौरान भारत ने अमेरिका में सक्रिय खालिस्तानी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) की भारत-विरोधी गतिविधियों का मुद्दा उठाया। सूत्रों के मुताबिक, भारत ने इस गैरकानूनी संगठन पर अमेरिका से सख्त कार्रवाई की मांग की है। रक्षा मंत्री ने अमेरिकी प्रशासन से ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है। दोनों ने रक्षा और सूचना साझा करने के क्षेत्रों में भारत व अमेरिका के बीच सामरिक संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया।

### तुलसी आज 'रायसीना डायलॉग' में देंगी भाषण

तुलसी गबार्ड 18 मार्च को 'रायसीना डायलॉग' में भाषण देंगी, जो एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन है। पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया है। गबार्ड की यह यात्रा पीएम मोदी की फरवरी में अमेरिका यात्रा के बाद हो रही है। उस दौरान पीएम मोदी ने गबार्ड से मुलाकात कर उन्हें भारत-अमेरिका मित्रता की मजबूत समर्थक बताया था। गबार्ड ने भी कहा कि वह पीएम मोदी का स्वागत करके सम्मानित महसूस कर रही हैं।

### काउंटर-टेररिज्म पर अंतरराष्ट्रीय बैठक

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक आतंकवाद-प्रतिघात पर आसियान रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन-प्लस विशेषज्ञ कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) की 14वीं बैठक 19 से 20 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। भारत और मलेशिया इस बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बैठक में शामिल होने के लिए आसियान के 10 सदस्य देशों के डेलिगेशन भारत आ रहे हैं। इस दौरान विभिन्न देश काउंटर टेररिज्म पर मंथन करेंगे।

### अमेरिकी जमीन पर भारत विरोधी गतिविधियां नहीं

*इससे एक दिन पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने नई दिल्ली में अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, दोनों देशों के संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में खासकर इस बात पर सहमति बनी कि अमेरिका में अब खालिस्तानियों को भारत विरोधी गतिविधियां चलाने के लिए जगह नहीं मिलेगी। ऐसा माना जा रहा है कि बैठक में भारत-अमेरिका वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के अनुरूप मुख्य रूप से खुफिया जानकारी साझा करने के तंत्र को मजबूत करने और सुरक्षा क्षेत्र में मिलकर काम करने के तरीकों पर चर्चा की।*

## खबर संक्षेप

### गृह मंत्रालय ने प्रतिबंधित संगठनों की सूची जारी की

**नई दिल्ली।** हाल ही में एशियन फिल्म अवॉर्ड्स में पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' को बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड मिला। वहीं 'संतोष' फिल्म की अभिनेत्री शहाना गोस्वामी और निर्देशक संध्या सूरी को भी सम्मानित किया गया। अवॉर्ड्स के 18वें संस्करण का आयोजन रविवार को हांगकांग के वेस्ट कॉव्लून कल्चरल जिले के जिकू सेंटर में किया गया। एशियन फिल्म अवॉर्ड्स ने विजेताओं की सूची जारी की है। पायल कपाड़िया की फिल्म का मुकाबला 'ब्लैक डॉग' (चीन), 'एक्सहुमा' (दक्षिण कोरिया), 'टेकी कोमेथ' (जापान) और 'ट्वाइलाइट ऑफ द वॉरियर्सः वॉल्ड इन' (हांगकांग) के साथ था।



### मंदिर पर ग्रेनेड से हमला करने वाला हुआ ढेर

**अमृतसर।** मंदिर पर हाल ही में हुए ग्रेनेड हमले के मुख्य आरोपी को सोमवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में ढेर कर दिया। संदिग्ध की पहचान गुरसिदक सिंह के रूप में हुई है। अमृतसर में मंदिर पर ग्रेनेड हमले के आरोपी गुरसिदक और विशाल की राजासांसी इलाके में छिपे होने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान आरोपियों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में आरोपी गुरसिदक को गोली लग गई।

**रायसीना डायलॉग : न्यूजीलैंड के पीएम ने समिट को किया संबोधित**

# भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है : क्रिस्टोफर लक्सन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड ने अपने रक्षा एवं सुरक्षा संबंधों को संस्थागत रूप देने के लिए सोमवार को एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूजीलैंड के अपने समकक्ष क्रिस्टोफर लक्सन को उनके देश में कुछ गैरकानूनी तत्वों द्वारा भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दिए जाने पर चिंता से अवगत कराया। मोदी और लक्सन के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने शिक्षा, खेल, कृषि और जलवायु परिवर्तन सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए तथा रक्षा उद्योग क्षेत्र में सहयोग के लिए खाका तैयार करने का निर्णय लिया। मीडिया को अपने वक्तव्य में मोदी ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड एक स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, ''हम विस्तारवाद की नहीं, बल्कि विकास की नीति में विश्वास करते हैं।'' उनकी यह टिप्पणी क्षेत्र में चीन के विस्तारवादी रुख पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच आई है। संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की, जहां संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाएगा।

**प्रधानमंत्री मोदी ने रायसीना डायलॉग का शुभारंभ किया**

**समारोह के मुख्य अतिथि है न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन**





**आतंकवाद अस्वीकार्य :** मोदी ने कहा कि भारत न्यूजीलैंड में कुछ गैरकानूनी तत्वों द्वारा भारत विरोधी गतिविधियों के बारे में अपनी चिंताओं को साझा करता है। आतंकवाद अस्वीकार्य है।

### हमारा यकीन विस्तारवाद में नहीं बल्कि विकास की नीति में

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष एक स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत का समर्थन करते हैं और विस्तारवाद नहीं बल्कि विकास की नीति में विश्वास करते हैं। इंटरनेशनल सौलर एलांयस के बाद सीडीआरआई से जुड़ने के लिए भी हम न्यूजीलैंड का अभिनंदन करते हैं। दोनों देशों के बीच हुए समझौते के तहत भारत में न्यूजीलैंड के निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

### क्रिस्टोफर लक्सन के संबोधन के मुख्य अंश

- मोदी के कार्यकाल में भारत में 25 करोड़ लोग घोर गरीबी से बाहर निकले। हमें भारत के साथ मबेहतर सैन्य साझेदारी की जरूरत है।
- भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। न्यूजीलैंड हिंद-प्रशांत में अपने हितों के लिए भारत जैसे साझेदारों की ओर देख रहा है।
- हम एक ऐसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रहना चाहते हैं, जहां देश मुक्त होकर अपना रास्ता चुनने के लिए आजाद हों, कोई देश हावी न हो।
- भारत जैसे देश विश्व को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, उन्हें ग्लोबल पॉलिसी निर्माताओं की बैठक में जगह मिलना चाहिए।
- हम भारत के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर विचार कर रहे हैं।
- जल्द ही खेल बदलने वाला है क्योंकि हम टेक्नोलॉजी की दुनिया में एआई के उभार से बदलाव की कगार पर हैं।
- चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत हासिल की। जिससे मेरा भी दिल टूटा, लेकिन मैं आपको बधाई देना चाहूंगा।
- रायसीना डायलॉग हर साल दुनिया भर के नेताओं को हिंद महासागर में रणनीतिक चुनौतियों पर मिलकर बात करने का मौका देता है।

### न्यूजीलैंड एफटीए के लिए तत्पर

वहीं न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा कि दोनों पक्ष पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को प्राप्त करने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड भारत में अपनी राजनयिक उपस्थिति बढ़ाएगा।

### पांच समझौतों पर किए हस्ताक्षर

भारत और न्यूजीलैंड ने रक्षा, शिक्षा, खेल, बागवानी, वानिकी के क्षेत्रों में पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए। दोनों पक्षों ने अधिकृत आर्थिक पारस्परिक मान्यता समझौते का भी आदान-प्रदान किया। पीएम मोदी ने नई दिल्ली में न्यूजीलैंड के अपने समकक्ष क्रिस्टोफर लक्सन के साथ बातचीत की। चर्चा में भारत-न्यूजीलैंड संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की और दोनों पक्षों ने रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत और संस्थागत बनाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण, बंदरगाह यात्राओं के साथ-साथ रक्षा उद्योग में भी आपसी सहयोग के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिससे आपसी व्यापार और निवेश की संभावना बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि खेलों में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और आदान-प्रदान के साथ-साथ दोनों ने खेल विज्ञान, मनोविज्ञान और चिकित्सा में सहयोग पर भी जोर दिया।

**आतंकी हमलों ने बढ़ाई चिंता**

## पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष ने बंद कमरे में बैठक बुलाई

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमलों में वृद्धि के बीच सरकार ने मंगलवार को सुरक्षा से संबद्ध संसद की एक उच्च समिति की बंद कमरे में बैठक बुलायी है, जहां शीर्ष सैन्य नेतृत्व मौजूदा स्थिति पर सांसदों को जानकारी देगा। सोमवार को यह खबर सामने आयी कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 'नेशनल असेंबली' के अध्यक्ष अयाज सादिक से मंगलवार को दोपहर डेढ़ बजे संसद में सुरक्षा संबंधी बैठक बुलाने के लिए कहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, सैन्य नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संसदीय समिति को सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी देगा। यह बैठक पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में हाल में कई आतंकवादी हमले होने के आलोक में हो रही है। इन दोनों प्रांतों की सीमा अफगानिस्तान से सटी है। अखबार 'डॉन' की खबर में 'नेशनल असेंबली' के एक सूत्र का हवाला देते हुए बताया गया कि चूंकि सुरक्षा पर कोई संसदीय समिति गठित नहीं की गई थी।

### पीएम और सेना प्रमुख हुए बैठक में शामिल

नेशनल असेंबली के रक्षा और विदेश मामलों की स्थायी समितियों के सदस्य, संघीय कैबिनेट के सदस्य, चारों प्रांतों के मुख्यमंत्री और सभी संसदीय दलों के नेता अथवा उनके प्रतिनिधि बंद दरवाजे के भीतर होने वाली इस बैठक में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री शरीफ और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर इस बैठक में शामिल होंगे। अखबार का कहना है कि सरकार प्रांत में बढ़ते आतंकवादी हमलों में शामिल बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और अन्य आतंकवादी संगठनों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाने की योजना बना रही है। प्रधानमंत्री के सहयोगियों में से एक, राणा अहसन ने कहा कि सरकार जल्द चर्चा करने के लिए एक बहु- दलीय सम्मेलन (एमपीसी) बुलाएगी।

## पीएम मोदी ने देबेंद्र प्रधान को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. देबेन्द्र प्रधान को श्रद्धांजलि अर्पित की। वे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पिता थे, जिनका 84 वर्ष की आयु में दिल्ली में निधन हो गया। इस दौरान ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देबेन्द्र प्रधान एक लोकप्रिय जननेता और कुशल सांसद थे। ओडिशा में भाजपा को दिया योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। ओडिशा के उप मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने भी उन्हें पुष्पाजंलि दी।

**पीएम के बयान से मुरीद हुआ चीन**

## जमकर करने लगा तारीफ, कहा हम उनके साथ काम करना चाहते



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया दी। पीएम मोदी के बयान की सराहना करते हुए चीन ने कहा कि ड्रैगन और हाथी के बीच बैले नृत्य एकमात्र विकल्प है। चीन ने भारत के साथ मिलकर काम करने की इच्छा दोहराई है। हाल ही में पीएम मोदी ने अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में कहा था कि दोनों देशों को मतभेद की जगह संवाद को प्राथमिकता देना चाहिए।

पीएम मोदी के इसी बयान पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक मीडिया ब्रीफिंग में अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि चीन ने पीएम मोदी के हालिया बयान पर ध्यान दिया है। चीन इसकी सराहना करता है। माओ ने आगे कहा कि पिछले साल अक्टूबर में रूस के कजान में पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच सफल द्विपक्षीय बैठक हुई। इस बैठक ने संबंधों के सुधार और विकास के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान किया। दोनों पक्षों ने आम समझ पर ईमानदारी से काम किया और सकारात्मक रिजल्ट हासिल किया।

### 2000 वर्ष पुराने आपसी संबंध

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि मैं इस बात पर जोर देना चाहती हूं कि 2000 से अधिक वर्षों के आपसी संबंधों के इतिहास में दोनों देशों ने दोस्ताना आदान-प्रदान जारी रखा। दोनों देशों ने एक-दूसरे से सीखा। दो सबसे बड़े विकासशील देशों के तौर पर चीन और भारत ने अपने विकास और पुनरोद्धार के काम को साझा किया। एक-दूसरे की सफलताओं को समझा और उनका समर्थन किया। दोनों देशों के बीच सहयोग 2.8 अरब से अधिक लोगों के मौलिक हितों और क्षेत्रीय देशों की साझा आकांक्षाओं को पूरा करता है। उन्होने कहा कि यह वैश्विक दक्षिण के मजबूत करने और विश्व शांति के ऐतिहासिक प्रवृत्ति का अनुसरण करता है।

### ट्रंप ने साझा किया पीएम मोदी का पॉडकास्ट

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिका के लोकप्रिय पॉडकास्टर एवं कंप्यूटर वैज्ञानिक लेक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत का वीडियो लिंक साझा किया। अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ रविवार को एक पॉडकास्ट में चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बीच परस्पर विश्वास का रिश्ता है और वे बेहतर तरीके से एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं, क्योंकि वे हर चीज से ऊपर अपने राष्ट्रीय हितों को रखने में विश्वास करते हैं।

### अमेरिका के कई हिस्सों में 37 लोगों की मौत

**पिडमोंट।** अमेरिका के कई हिस्सों में बवंडर (टॉरनेडो) और तेज हवाओं के कारण मकानों समेत कई इमारतों को व्यापक नुकसान पहुंचा और कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम वैज्ञानिक कोडी स्नेल ने बताया कि कैरोलिनास, पूर्वी जॉर्जिया और उत्तरी फ्लोरिडा के कुछ हिस्सों के लिए बवंडर की चेतावनी बरकरार है। उन्होंने कहा कि मुख्य खतरा विनाशकारी हवाएं होंगी। शुक्रवार से आए इस तूफान को मौसम वैज्ञानिकों ने असामान्य रूप से 'उच्च जोखिम' वाला बताया है। विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च में मौसम की इस तरह की चरम स्थितियों का होना असामान्य नहीं है।



**कुपवाड़ा में बड़ा आतंकी हमला**

## मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया एक जवान भी शहीद, 4 घायल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में सोमवार सुबह एक बड़ा आतंकी हमला हुआ है, जिसके बाद सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। इस मुठभेड़ में एक जवान की शहादत की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस हमले में एक मेजर समेत चार जवान भी घायल हो गए हैं। सेना और आतंकियों के बीच यह मुठभेड़ माछिल सेक्टर के पास हुई है। यह इलाका कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के साथ सटे खुरमोरा राजवार में आता है। हमले में घायल जवानों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इस आतंकी हमले में एक भारतीय जवान की शहादत हुई है। वहीं अब तक जवानों ने एक आतंकी को मार गिराया है। और कुछ आतंकी घेराबंदी तोड़कर भागने में कामयाब रहे। भाग निकले आतंकियों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों का अभियान जारी है। दूसरी ओर सुरक्षाबलों ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद जचलदारा के क्रुम्हूरा गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया।



**यमन में हूती विद्रोहियों पर बड़ी कार्रवाई**

## अमेरिकी हवाई हमले में 53 की मौत, 100 घायल, क्षेत्र में तनाव

एजेंसी ▶▶ काहिरा

यमन में हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर अमेरिकी द्वारा किए गए हवाई हमलों में कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई और करीब 100 लोग घायल हो गए। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने भी हमलों की धमकी दी है जिससे यमन में तनाव और बढ़ने की आशंका है। बताया कि अमेरिकी हमलों में पांच महिलाओं और दो बच्चों समेत कम से कम 53 लोग मारे गए हैं तथा राजधानी सना एवं सऊदी अरब की सीमा पर विद्रोहियों के गढ़ सादा समेत अन्य प्रांतों में लगभग 100 लोग घायल हो गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों पर सिलसिलेवार हवाई हमलों का आदेश दिया था। ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान समर्थित हूती विद्रोही अहम समुद्री गलियारे पर आने-जाने वाले मालवाहक पोतों पर जब तक अपने हमले बंद नहीं कर देते, तब तक वह पूरी ताकत से हमले जारी रखेंगे।



### न्यायाधीश की रोक के बावजूद सैकड़ों निर्वासित

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक संघीय न्यायाधीश द्वारा 18वीं सदी के युद्धकालीन अधिनियम के तहत निर्वासन पर अस्थायी रूप से रोक लगाने का आदेश जारी किए जाने के बावजूद देश के ट्रंप प्रशासन ने सैकड़ों प्रवासियों को अल साल्वाडोर भेज दिया है। न्यायाधीश ने अधिनियम के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का जब आदेश दिया, प्रवासियों को ले जा रहे विमान उससे पहले ही उड़ान भर चुके थे। इसके कुछ ही घंटों बाद 'यूएस डिस्ट्रिक्ट जज' जेम्स ई बोसबर्ग ने इस पर रोक लगाए जाने का शनिवार को आदेश जारी किया लेकिन वकीलों ने उन्हें बताया कि दो विमान प्रवासियों को लेकर अल साल्वाडोर और होंडुरास की ओर पहले की उड़ान भर चुके हैं।

**इसरो प्रमुख ने बताया- चंद्रयान-5 मिशन को केंद्र सरकार की मिली मंजूरी**

# 2040 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने का लक्ष्य होगा पूरा

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बताया कि केंद्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को मंजूरी दे दी है। यह मिशन भारत के 2040 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा, सरकार ने 2035 तक 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' स्थापित करने की योजना को भी स्वीकृति दी है। चेन्नई में एक कार्यक्रम के दौरान नारायणन ने बताया कि इसरो आने वाले वर्षों में कई बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे कई महत्वपूर्ण मिशन जारी हैं। चंद्रयान-4 का मुख्य उद्देश्य चंद्रमा की सतह से सैंपल इकट्ठा करना है, जबकि चंद्रयान-5, जिसे तीन दिन पहले मंजूरी मिली, इसमें 350 किलोग्राम का रोवर होगा। इस मिशन में भारत और जापान मिलकर काम कर रहे हैं। इससे साफ है कि भारत अंतरिक्ष में अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### 10 वर्षों में इसरो ने 433 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया



नारायणन ने बताया कि भारत अब तक 131 उपग्रह लॉन्च कर चुका है, जिनमें से कई सार्क देशों को भी दिए गए हैं। पिछले 10 वर्षों में इसरो ने 433 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया है, जिनमें से 34 अन्य देशों के थे। उन्होंने कहा कि इसरो ने 90% की सफलता दर हासिल की है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि है। यह आंकड़े दिखाते हैं कि भारत अब न केवल अपने लिए, बल्कि अन्य देशों के लिए भी एक भरोसेमंद लॉन्च सेवा प्रदाता बन चुका है।

### तमिलनाड के तटीय गांव कुलसेकरपट्टिनम में दूसरा स्पेसपोर्ट बना रहा

नारायणन ने बताया कि वहीं भारत अब तमिलनाडु के तटीय गांव कुलसेकरपट्टिनम में दूसरा स्पेसपोर्ट बना रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने 28 फरवरी 2024 को इस परियोजना का उद्घाटन किया था। यह स्पेसपोर्ट छोटे उपग्रहों (500 किलोग्राम तक) को लॉन्च करने के लिए स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएसएलवी) के उपयोग के लिए बनाया जा रहा है। इस परियोजना का निर्माण 5 मार्च 2025 से शुरू हो चुका है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25